तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

12 बदहाल शीतला तालाब और अवैध खटाल से लोग परेशान…



13 निजी बैंक के खिलाफ एकजुट धमधा के किसान …



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



न्यु ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

शासन ने वर्ष 2022 को दिए थे 3 करोड़ तक के कार्यों को मंजूरी देने का आदेश

शासन का आदेश दरकिनार, तय सीमा पार कर महापौर परिषद ने दी 3.12 करोड़ के पेवर ब्लॉक कार्य को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने 3 अक्टूबर 2023 की बैठक का मूल प्रस्ताव, संकल्प, कार्यवाही विवरण, शासनादेश, निविदा दस्तावेज, संविदा, कार्यादेश, माप पुस्तिका एवं भुगतान संबंधी अभिलेखों की जांच कराने की मांग

नगर पालिक निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने पेवर ब्लॉक कार्य की 3,12,75,374 रुपए की स्वीकृति को लेकर महापौर परिषद की वैधानिक जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को आवेदन देकर छत्तीसगढ़ शासन की 24 मई 2022 की राजपत्र अधिसूचना के प्रावधानों के अनुरूप पूरे प्रकरण की जाँच कराने तथा अनियमितता प्रमाणित होने पर जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2022 में नगर निगमों के वित्तीय अधिकारों की सीमा स्पष्ट रूप से संशोधित की गई थी। तीन लाख से अधिक एवं दस लाख तक की जनसंख्या वाले नगर निगमों में महापौर परिषद की वित्तीय स्वीकृति सीमा 3 करोड़ तक निर्धारित है, जबकि 3 करोड़ से अधिक और 10 करोड़ तक के कार्य निगम के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।

इसके बावजूद महापौर परिषद की बैठक 3 अक्टूबर 2023 में 3,12,75,374 रुपए के पेवर ब्लॉक कार्य को स्वीकृति प्रदान कर मेसर्स कुणाल बिल्डर्स, भिलाई से संविदा निष्पादित कर कार्यादेश जारी करने की अनुमति का संकल्प सर्वसम्मति से पारित किया गया।


पेवर ब्लॉक घोटाले को लेकर भाजपा ने खोला मोर्चा
निगम आयुक्त से कहा सभी पर दर्ज हो एफआईआर


पेवर ब्लॉक : तकनीकी व वित्तीय स्तर पर कई सवाल हुए खड़े

महापौर, परिषद और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय हो



नेता प्रतिपक्ष भोजराज ने कहा कि इस प्रकरण में महापौर एवं महापौर परिषद के सदस्यों की भूमिका, प्रस्ताव तैयार करने वाले विभागीय अधिकारियों, स्वीकृति संबंधी अभिलेख प्रस्तुत करने वाले अधिकारियों तथा संविदा और कार्यादेश की प्रक्रिया पूरी करने वाले अधिकारियों की अलग-अलग जिम्मेदारी निर्धारित की जानी चाहिए। संबंधित निर्माण एजेंसी की भूमिका भी निविदा, संविदा, कार्य निष्पादन और भुगतान के अभिलेखों के आधार पर जाँची जानी चाहिए। उन्होंने आयुक्त से मांग की है कि 3 अक्टूबर 2023 की बैठक का मूल प्रस्ताव, संकल्प, कार्यवाही विवरण, शासनादेश, निविदा दस्तावेज, संविदा, कार्यादेश, माप पुस्तिका एवं भुगतान संबंधी अभिलेखों की जाँच कराई जाए। यदि वित्तीय अधिकारों के उल्लंघन, शासकीय धन की क्षति अथवा किसी संज्ञेय अपराध के पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने सहित नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए।

फाइलों की जांच ही पर्याप्त नहीं

नेता प्रतिपक्ष भोजराज ने कहा कि शासन के आदेशों का पालन करना प्रत्येक जनप्रतिनिधि और अधिकारी की जिम्मेदारी है। यदि निर्धारित वित्तीय अधिकारों से बाहर जाकर स्वीकृति दी गई है, तो केवल फाइलों की जांच पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि निर्णय लेने, उसे लागू करने और भुगतान करने तक की पूरी प्रक्रिया में जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही तय करनी होगी। भिलाई की जनता के धन के उपयोग में पारदर्शिता और कानून का पालन सुनिश्चित होना चाहिए।

आदेश पहले से लागू फिर एमआईसी को किसने दिया अधिकार

नेता प्रतिपक्ष भोजराज ने सवाल उठाया कि जब शासन का आदेश पहले से लागू था, तब निर्धारित वित्तीय सीमा से अधिक राशि वाले कार्य को महापौर परिषद ने किस अधिकार के तहत स्वीकृति प्रदान की? क्या प्रस्ताव प्रस्तुत करने से लेकर संकल्प पारित करने और कार्यादेश जारी करने तक शासन के वित्तीय नियमों का पालन किया गया? इन प्रश्नों का जवाब निगम प्रशासन को दस्तावेजों के आधार पर देना चाहिए।

आचार संहिता से कलेक्टर ने किया टेंडर पास



एमआईसी ने टेंडर का अप्रूवल सामान्य सभा के लिए पास किया था। उसी दौरान आचार संहिता लगने से फाइल कलेक्टर के पास स्वतः हस्तांरित हुई। इसके बाद आचार संहिता के दौरान कलेक्टर को एमआईसी और सामान्य सभा का अधिकार होने से उन्होंने यह टेंडर पास किया था।

-नीरज पाल, महापौर ननि भिलाई

खुर्सीपार में घरों को निशाना बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ घर से आभूषण और 20 हजार रुपये चोरी करने का मामला

दुर्ग जिले के खुर्सीपार थाना क्षेत्र में घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी करने के मामले में पुलिस ने 19 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रूपेन्द्र बंजारे उर्फ लालू, निवासी मिलावट पारा, जयस्तंभ, खुर्सीपार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी ने शिकायतकर्ता के घर के साथ पड़ोस में रहने वाली एक अन्य महिला के घर में भी चोरी करने की बात बताई। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर छज्जे में छिपाकर रखी गई चोरी की संपत्ति बरामद कर जब्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया पिंकी बारले ने 19 सितंबर को खुर्सीपार थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 15 सितंबर को दोपहर 12 बजे से 16 सितंबर की सुबह 10 बजे के बीच उनके घर में प्रवेश कर सोने-चांदी के आभूषण और 20 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर रूपेन्द्र बंजारे उर्फ लालू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने पिंकी बारले के घर के अलावा पड़ोस में रहने वाली विश्वासा लहरे के घर में भी चोरी करने की बात बताई। आरोपी ने चोरी की संपत्ति घर के छज्जे में छिपाकर रखने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने बताए गए स्थान से सामग्री बरामद कर विधिवत जब्त की।

पुलिस ने आरोपी रूपेन्द्र बंजारे उर्फ लालू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



जेल रोड से पुलगांव चौक सड़क निर्माण के दौरान बिजली-पानी के शट डाउन से जनता हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



जेल तिराहा से महाराजा चौक होते हुए पुलगांव मिनी माता चौक तक सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। फोरलेन का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान आसपास के क्षेत्र में आए दिन बिजली और पानी को लेकर संकट पैदा हो रहा है। नियमित रूप से बिजली और निगम के जलकार्य विभाग द्वारा शट डाउन लिया जा रहा है। इस वजह से पद्मनाभपुर, विद्युत नगर, ठगड़ा बांध, आनंद नगर, कसारीडीह, आदर्श नगर, पोटिया सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों के लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। काम की सुस्त रफ्तार से उनकी परेशानी और अधिक बढ़ गई है। इसे लेकर स्थानीय लोगों द्वारा लगातार शिकायत भी की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं किया गया है। आसपास के वार्ड के लोग परेशान कभी झाड़ काटने तो कभी पाइप लाइन तो कभी नाली निर्माण के कारण व ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के नाम से विधुत मण्डल से शटडाउन अलग अलग विभाग द्वारा लिया जा रहा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश शर्मा ने कहा है कि रोड के आसपास के 5 वार्ड की जनता 5 से 6 घण्टे बिना बिजली व पानी से परेशान हैं। जबकि विभाग को चाहिए निर्माण का कार्य करें, किन्तु आपस मे चर्चा कर जिस समय शटडाउन ले सभी विभाग एक साथ कार्य करे जिससे विधुत अवरोध कम हो।

सालों पुराना लीकेज का गड्ढा, कब बनेगा अब तक तय नहीं, हर रोज बह रहा सैकड़ों गैलन पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



धमधा नाका से आदित्य नगर मार्ग पर शक्तिनगर मोड़ पर यह लीकेज का गड्ढा पिछले करीब 8 साल से बना हुआ है। हर बार मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति और मेंटेनेंस के नाम पर सड़क का डामरीकरण इसे पाट दिया जाता है। कुछ समय बाद यह लीकेज फिर से सामने आ जाता है। वर्तमान में इस लीकेज से रोजाना सैकड़ों गैलन पानी बह रहा है। इस मार्ग में ऐसे कई लीकेज हैं, जो डामरीकृत सड़क से हर रोज सुबह और शाम के समय देखे जा सकते हैं। ऐसा नहीं है कि इसे लेकर शिकायत नहीं की गई। जवाहर नगर निवासी अधिवक्ता अनिल जायसवाल लगातार इसे लेकर शिकायत कर रहे हैं। बावजूद समस्या जस के तस बनी हुई है। लीकेज के संधारण के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। हर खानापूर्ति कर लीकेज को छोड़ दिया जाता है। इसकी वजह से शक्तिनगर पानी की टंकी से होने वाली सप्लाई प्रभावित होती है। सड़क पर होने के बावजूद अब तक इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। इस मार्ग पर ऐसे छोटे-बड़े 5 से ज्यादा लीकेज हैं, जिनका मेंटेनेंस लंबे समय से नहीं हुआ है।

वार्ड 16 सुपेला में समस्याओं का अंबार

बदहाल शीतला तालाब और अवैध खटाल से लोग परेशान, चारों ओर पसरी गंदगी

वार्ड 16 परिक्रमा
नगर निगम भिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई के वार्ड 16 सुपेला में वार्ड परिक्रमा के दौरान स्थानीय नागरिकों की कई समस्याएं सामने आईं। कहीं सड़कें जर्जर हैं, तो कहीं नालियों की सफाई नियमित रूप से नहीं हो रही है। वार्ड का शीतला तालाब गंदगी से घिरा हुआ है, वहीं गलियों में संचालित अवैध खटाल और सड़कों पर खुले घूमते मवेशी लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। लाखों रुपये खर्च कर सौंदर्यीकरण किए गए रावणभाठा परिसर की बदहाल स्थिति भी लोगों की नाराजगी की वजह है।

वार्ड में स्थित शीतला तालाब की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। तालाब के चारों ओर गंदगी फैली हुई है और पानी में कमल गट्टे का फैलाव होने से तालाब का स्वरूप प्रभावित हो रहा है। गंदगी के कारण तालाब का पानी भी काला पड़ चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब की नियमित सफाई और उचित देखरेख नहीं होने से इसकी स्थिति लगातार खराब हो रही है। रहवासियों ने नगर निगम से तालाब की सफाई कराने और इसके सौंदर्यीकरण की मांग की है। ओवरहेड टंकी बनने से लोगों को पेयजल समस्या से मुक्ति मिली है। वार्ड की नालियों की सफाई को लेकर भी रहवासियों ने नाराजगी जताई है। लोगों के मुताबिक, नालियों की सफाई लंबे अंतराल के बाद होती है। नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी जमा रहती है और आसपास के लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं रावणभाठा से लक्ष्मी मार्केट जाने वाली मुख्य सड़क पर लंबे समय से जर्जर स्थिति में है।

ओवरहेड टंकी बनने के बाद पानी की समस्या से लोगों को मिली राहत



गलियों में अवैध खटाल, सड़क पर बैठे रहते हैं मवेशी

वार्ड की प्रमुख समस्याओं में गलियों और तालाब के आसपास संचालित खटाल भी शामिल हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, नगर निगम की ओर से कई बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद खटालों का संचालन जारी है। दूध निकालने के बाद मवेशियों को सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। रात के समय मवेशी झुंड में बीच सड़क पर बैठ जाते हैं, जिससे आवागमन प्रभावित होता है। इससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। रहवासियों ने अवैध खटालों पर कार्रवाई करने और मवेशियों को सड़कों से हटाने की मांग की है।





लाखों खर्च से संवरा रावणभाठा परिसर, फिर भी पसरी गंदगी

वार्ड में स्थित रावणभाठा परिसर का लाखों रुपये खर्च कर सौंदर्यीकरण कराया गया था। इसके बावजूद वर्तमान में परिसर के आसपास गंदगी फैली रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सौंदर्यीकरण के साथ-साथ नियमित सफाई और रखरखाव भी जरूरी है, ताकि परिसर साफ-सुथरा बना रहे और इसका बेहतर उपयोग हो सके।

फंड की कमी से अटके कई काम

वार्ड 16 के पार्षद केशव प्रसाद चौबे ने कहा कि अपने पांच साल के कार्यकाल में उन्होंने वार्ड में कई विकास कार्य कराए हैं। हालांकि, फंड की कमी के कारण कुछ कार्य अब भी अटके हुए हैं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण नहीं हो पा रहा है। रावणभाठा परिसर में शेड लगाने की तैयारी की जा रही है। पार्षद चौबे के मुताबिक, ओवरहेड टंकी बनने से वार्ड में पानी की समस्या दूर हुई है। वहीं, गलियों में संचालित खटालों को लेकर उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से कई बार कार्रवाई की गई है, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। ऐसे में खटालों की समस्या का स्थायी समाधान करना चुनौती बना हुआ है।

26 साल में हर साल की प्रति व्यक्ति बिजली खपत 242 से बढ़कर 1268 यूनिट पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के तत्वावधान में बीआईटी कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का विशेष शिविर एवं लाभार्थी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम गजेंद्र यादव ने राज्य में बढ़ती बिजली खपत और पर्यावरण सरंक्षण के लिए सौर ऊर्जा को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के समय जहाँ एक व्यक्ति की वार्षिक बिजली खपत औसतन 242 यूनिट थी, वह आज बढ़कर लगभग 1268 यूनिट हो गई है। उन्होंने कहा कि भूमि, पानी और कोयले जैसे प्राकृतिक संसाधन सीमित होने के कारण उत्पादन क्षमता को असीमित रूप से नहीं बढ़ाया जा सकता। उन्होंने कहा कि सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शून्य बिजली बिल के विजन को साकार करने में मददगार साबित हो रही है। बढ़ती बिजली आवश्यकताओं और पर्यावरण संरक्षण के इस दौर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को उन्होंने एक क्रांतिकारी और समय की माँग बताया। उन्होंने दुर्ग नगर निगम के उत्कृष्ट कार्यों और जिले में 16,772 से अधिक सोलर रूफटॉप लगाने वाली विद्युत वितरण कंपनी के प्रयासों की सराहना की।

बोरेंदा पहला सोलर ऊर्जा आधारित गांव बनेगा

सांसद विजय बघेल ने पीएम सूर्यघर योजना को एक अद्भुत और क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि पाटन ब्लॉक का बोरेंदा गांव देश का दूसरा तथा प्रदेश का पहला शत-प्रतिशत सौर ऊर्जा आधारित गांव बनने जा रहा है, साथ ही क्षेत्र के तीन अन्य गांवों को भी जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान महापौर अलका बाघमार ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को देश में जनहित और देशहित का एक बड़ा अभियान बनाने पर जोर दिया, जिसके तहत देश भर में एक करोड़ से अधिक सोलर पैनल लगाकर नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर, प्रदूषण मुक्त और आर्थिक रुप से मजबूत बनाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि वर्ष 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सके।

दुर्ग निगम को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर महापौर अल्का बाघमार, आयुक्त लीना कोसम, तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, शिवेन्द्र परिहार, देवनारायण चन्द्राकर, तेखन सिन्हा, महेश वर्मा, कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस. मनोज, अधीक्षण अभियंता जे.जगन्नाथ, तरुण कुमार ठाकुर एवं आरके श्रीवास्तव, विद्युत विभाग के समस्त कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, बैंक के अधिकारी, हितग्राही सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान नगर निगम दुर्ग को पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत सर्वाधिक सोलर रुफटॉप प्लांट स्थापना के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सर्वाधिक ऋण स्वीकृत व वितरण किए जाने के लिए एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ोदा, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, पीएनबी एवं लीड बैंक को सम्मानित किया गया। दुर्ग जिला के तहत कार्वी पॉवर टेक को 413 नग सोलर रुफटॉप स्थापित करने के लिए, ग्रीन इंडिया सोलर सॉल्यूशन को दुर्ग जिले में 02 किलोवॉट के 91 नग सोलर पैनल स्थापित करने के लिए सम्मानित किया गया।

जीएसटी के नियमों में बदलाव का स्वागत



दुर्ग। जीएसटी में हुए बदलाओं का बीजेपी के आर्थिक प्रकोष्ठ ने स्वागत किया है। प्रदेश संयोजक शिव चंद्राकर ने कहा कि भारत मंडपम में 57वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़े सुधारों का ऐलान किया। यह जीएसटी 2.0 की दिशा में सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है। कारोबारियों का फंसा पैसा अब 60 दिन नहीं, सिर्फ 17 दिन में मिलेगा। 10 दिन में आवेदन स्वीकार, 7 दिन में पैसा खाते में। 90% रकम तुरंत जारी होगी। जीएसटी अधिकारियों को बिना कोर्ट की मंजूरी के गिरफ्तारी करने की शक्ति खत्म करने का प्रस्ताव पास। धारा 69 खत्म होगी। अब 1 करोड़ नहीं, 5 करोड़ से ऊपर की टैक्स चोरी पर ही आपराधिक केस दर्ज होगा। छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत। अगर सप्लायर टैक्स जमा नहीं करता तो भी ईमानदार खरीदार का इनपुट टैक्स क्रेडिट नहीं रुकेगा। फर्जी रजिस्ट्रेशन रोकने के लिए बायोमेट्रिक आधार वेरिफिकेशन पूरे देश में लागू होगा। यह निर्णय व्यारिक सुधार में एक बड़ा निर्णय है।

सेन समाज की बैठक 13 को

दुर्ग। छग प्रांत सेन नाई समाज की प्रबंधकारिणी बैठक 13 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। बैठक वृंदावन हाल, रायपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राम सेन के आदेशानुसार प्रदेश महासचिव रुद्र सेन, उपाध्यक्ष आशुतोष श्रीवास, कोषाध्यक्ष किसन सेन एवं प्रदेश सचिव भुवन लाल कौशिक ने बताया कि बैठक में प्रदेश के संरक्षक मंडल, मार्गदर्शक, प्रदेश संयोजक, पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष-सचिव, जिला अध्यक्ष एवं संभाग प्रभारियों को आमंत्रित किया गया है।

शिक्षकों का सम्मान, गुरुजनों के योगदान को किया नमन



दुर्ग। हनोदा में विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत एवं गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम लगातार 22वें वर्ष संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना और संस्कारों का संचार करना था। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर थे। अध्यक्षता विनय कुमार सिन्हा परियोजना अधिकारी ने की। विशिष्ट अतिथि बीईओ विनोद शुक्ला, नेम सिंह साहू, सरपंच ग्राम पंचायत हनोदा तेजराम चंदेल, पूर्व सरपंच विकास चंद्राकर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरितलाल चंद्राकर, परस राम कुंभकार, बसंत चंदेल एवं पूर्व प्राचार्य आर. नंदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. मधुबाला कंसार, प्राचार्य डॉ. प्रज्ञा सिंह, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित परमांनद देवांगन, इंदु सिंह सहित शिक्षकों का सम्मान किया गया। साथ ही राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित श्री नेम सिंह साहू का भी विशेष सम्मान किया गया। हनोदा से पदोन्नत होकर अन्य विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उनके योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। ग्राम हनोदा से सेवानिवृत्त प्रधान पाठक अमृता सांग, पूर्व माध्यमिक शाला खमरिया से सेवानिवृत्त प्रधान पाठक ममता गुप्ता तथा नव पदस्थ प्रधान पाठक ममता शांडिल्य, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कटोरा का भी सम्मान किया गया।

चिकित्सा शिविर में लोगों को किया गया जागरूक



भिलाई। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल गुरु घासीदास नगर में चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों को चिकित्सा परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सतिंदर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक डॉ. प्रदीप चौधरी, रायपुर संभाग संयोजक डॉ. अनुज खरे, भिलाई जिला सह-संयोजक डॉ. नवील शर्मा, डॉ. ज्योत्स्ना मिश्रा, डॉ. शेखर ताम्रकर सहित डॉ. मंगलम एवं डॉ. आकांक्षा तथा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चिकित्सा प्रकोष्ठ वैशाली नगर मंडल की संयोजक डॉ. सविता देशमुख एवं सह-संयोजक डॉ. आईके हिरवानी मौजूद रहे।

स्वच्छता दीदियों और स्वच्छता मित्रों का सम्मान स्वनिधि के हितग्राहियों को चेक का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों रविशंकर स्टेडियम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा सेतु-जनता के द्वार डिजिटल सरकार कार्यक्रम में मिशन क्लीनिंग सिटी के अंतर्गत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली स्वच्छता

- परिश्रम, समर्पण और निष्ठा को किया सम्मानित

दीदियों एवं स्वच्छता मित्रों को उनके अथक परिश्रम, समर्पण और निष्ठा के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता कर्मियों के योगदान को सराहते हुए उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई।कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, साजा विधायक ईश्वर साहू, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन महापौर अलका बाघमार की उपस्थिति रही।

स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाने के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पीपीई किट एवं आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। इसका उद्देश्य सफाई कार्य के दौरान कर्मियों को संभावित जोखिमों से बचाना, उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंकों के माध्यम से हितग्राहियों को डेमो चेक प्रदान किए गए, जिन्हें राशि प्रदान की जा रही है उनमें अशोक दास वैष्णव, चंदन राम, पिंकी विश्वकर्मा, रितेश कुमार सेन, कृष्णा अजीत, महेंद्र पटेल शामिल हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडे, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रितपाल बेलचंदन, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, आईजी अभिषेक शांडिल्य, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

पंथी चौक सेक्टर-10 में हटाए गए कब्जे



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा टाउनशिप में पंथी चौक, सेक्टर-10 में सड़क किनारे किए गए अनाधिकृत कब्जों को हटाए गए। जेसीबी की सहायता से 13 हजारवर्गफीट क्षेत्र को अनाधिकृत कब्जों से मुक्त कराया गया। सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए ठेले, खोमचे एवं पसरे आवागमन तथा सार्वजनिक स्थलों के व्यवस्थित उपयोग में बाधा उत्पन्न कर रहे थे।

विभाग ने नागरिकों व ठेला संचालकों से अपील की है कि वे सड़कों के किनारे तथा प्रतिबंधित क्षेत्रों में अनाधिकृत रूप से ठेले, खोमचे या पसरे न लगाएं।



खबर संक्षेप

अशोक बने धोबी समाज के जिला महासचिव

अंडा। केलाबाड़ी शास्त्री चौक दुर्ग निवासी अशोक छाटा को जिला



अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर ने महासचिव नियुक्त किया है इनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के अनुमति तथा प्रदेश संगठन मंत्री दुर्ग जिला प्रभारी नकुल निर्मलकर महामंत्री धनेश्वर निर्मलकर के निर्देश अनुसार की है, इन्हें दुर्ग जिले मेंसंगठन का विस्तार करने का भी अधिकार दिया गया है।

कुथरेल में सज रहीं माता रानी की प्रतिमाएं



अंडा। ग्राम कुथरेल इन दिनों भक्ति और कला के संगम का केंद्र बना हुआ है। यहां के युवा मूर्तिकार उमेश कुमार साहू द्वारा माता रानी की भव्य एवं आकर्षक मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पिछले कई दिनों से दिन-रात मेहनत कर वे मूर्तियों को सजीव रूप दे रहे हैं। मूर्तिकार उमेश कुमार साहू ने बताया कि इस वर्ष 11 अक्टूबर को माता रानी की मूर्ति स्थापना होगी। इसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। क्षेत्र के गांवों में दुर्गा पंडालों का निर्माण तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बनाई गई मूर्तियां केवल स्थानीय क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं। इस बार उनके द्वारा बनाई गई माता रानी की मूर्तियां दुर्ग, भिलाई, ग्रामीण अंचलों में बालोद सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों और महाराष्ट्र राज्य में भी भेजी जाएंगी। परंपरा और आधुनिकता के संगम से निर्मित इन मूर्तियों की विशेष मांग है। मूर्ति निर्माण कार्य से गांव के 8 से 10 युवाओं को रोजगार भी मिला है, जो उनके साथ रंग-रोगन और सजावट के कार्य में सहयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उमेश की कला से गांव का नाम रोशन हो रहा है और अन्य युवाओं को भी कला से जोड़ने की प्रेरणा मिल रही है।

दीवार पर ज्ञापन चस्पा कर दिया 14 दिन का अल्टीमेटम

निजी बैंक के खिलाफ एकजुट धमधा के किसान पहुंचे रायपुर, पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर किसान बंधु संगठन, धमधा ब्लॉक के नेतृत्व में आंदोलन कर रहे सैकड़ों किसान और महिलाएं शुक्रवार को रायपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री निवास में अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपने निकले किसानों को रास्ते में पथरिया चौक, मुरमूंदा और रायपुर के कबीर चौक के पास पुलिस प्रशासन ने रोक दिया। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और बड़ी संख्या में पुलिस जवानों के साथ वाटर कैनन भी तैनात रही।

मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) को ज्ञापन सौंपने की मांग पर अड़े किसानों ने अंततः अपना आवेदन दीवार पर चस्पा कर दिया। इसके साथ ही किसानों ने ऐलान किया कि यदि उनकी मांगों का 14 दिनों के भीतर निराकरण नहीं किया गया, तो वे पुनः मुख्यमंत्री के पास अपनी समस्याएं लेकर पहुंचेंगे।

मामला ऋणमाफी का, चाहते हैं वन टाइम सेटलमेंट



33 दिनों से क्रमिक भूख हड़ताल पर किसान

किसान बंधु संगठन के नेतृत्व में किसान पिछले 33 दिनों से क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि पूर्व में मुख्यमंत्री निवास में प्रतिनिधिमंडल द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भी मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई, जिसके कारण उन्हें दोबारा रायपुर कूच करना पड़ा।

रास्ते में कई जगह रोका गया काफिला

8 अक्टूबर को सैकड़ों किसान और महिलाएं रायपुर के लिए रवाना हुए। रास्ते में पुलिस प्रशासन ने पथरिया चौक, मुरमूंदा और रायपुर के कबीर चौक पर उनके काफिले को आगे बढ़ने से रोक दिया। मौके पर तहसीलदार ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन किसान ओएसडी को ही आवेदन सौंपने की मांग पर अड़े रहे। सहमति न बनने पर किसानों ने ज्ञापन दीवार पर चस्पा कर दिया।

बाबा टेक सिंह चंदेल ने रखी किसानों की बात

किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने कहा कि किसानों की मांगों को लेकर निरंतर मुख्यमंत्री से आग्रह किया जा रहा है, लेकिन अब तक समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ। किसान 33 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं।

किसानों की प्रमुख मांगें

पात्र किसानों को बैंक ऋण में माफी अथवा ब्याज में छूट और ओटीएस का लाभ मिले। ऋण के कारण कुर्क व नीलाम की गई कृषि भूमि वापस दिलाई जाए।ग्राम परसबोड़ में घरों के सामने से ट्रांसफार्मर हटाए जाएं और इसका 76 हजार रुपये का डिमांड नोट किसानों पर न डाला जाए।ग्राम खैरझिटी के शासकीय स्कूल में स्थायी व नियमित शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 14 दिनों के भीतर शासन द्वारा उचित कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और तेज करते हुए दोबारा मुख्यमंत्री के पास पहुंचा जाएगा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

अनियंत्रित होकर यात्री प्रतीक्षालय से टकराई गाड़ी, नशे में स्कूल वाहन चलाने का आरोप

स्कूल वाहनों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल

स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में स्कूल वाहनों से जुड़ी यह पहली दुर्घटना नहीं है। इससे पहले भी स्वामी आत्मानंद स्कूल, धमधा से बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल के आसपास शराब दुकान होने के कारण भी आए दिन विवाद और सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ठेलका चौक से धमधा तक मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होने की बात भी स्थानीय लोगों ने कही है। लोगों ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल वाहनों की नियमित जांच, चालकों की मेडिकल जांच तथा शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

धमधा-खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर परसबोड़ चौक के पास बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्कूली बच्चों से भरी एक गाड़ी यात्री प्रतीक्षालय से जा टकराई। हादसे में छात्रा नेहा साहू के घायल होने की जानकारी सामने आई है, जिसे तत्काल उपचार के लिए धमधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. रचना अग्रवाल के निर्देशन में सभी बच्चों के स्वास्थ्य का जायजा लिया गया। गाड़ी में सवार अन्य बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार वाहन क्रमांक CG 04 एचबी 7637 स्वामी आत्मानंद स्कूल, धमधा के बच्चों को लेकर जा रहा था। आरोप है कि वाहन चालक संतानु यादव (निवासी धरमपुरा) पूरी तरह नशे की हालत में वाहन चला रहा था। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर परसबोड़ चौक स्थित यात्री प्रतीक्षालय में जा घुसा। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायल छात्रा को उपचार के लिए ले जाया गया। घटना को लेकर पुलिस जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि दुर्घटना के वास्तविक कारण क्या थे और चालक की स्थिति क्या थी। वहीं थाना धमधा प्रभारी महेश कुमार ध्रुव ने तत्काल मामले पर संज्ञान लेते हुए वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

शासकीय कॉलेज में रंगोली से सजा विकसित भारत का संकल्प

बोरी। शासकीय नवीन महाविद्यालय, बोरी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत "घर-घर से राष्ट्र तक आभार और संकल्प की रंगोली" कार्यक्रम का आयोजन बोरी तहसील कार्यालय में किया गया। यह कार्यक्रम हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के सेवा संकल्प निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रंगोली के माध्यम से भारतीय संस्कृति, समृद्ध परंपराओं, राष्ट्रीय भावना, जनभागीदारी तथा विकसित भारत @2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियों के माध्यम से राष्ट्र के प्रति आभार, सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत तथा विकसित भारत के संकल्प को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। यह सफल आयोजन प्राचार्य डॉ. कमर तलत के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. संगीता देवी शर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी भागवत द्वारा किया गया।

अंचल की खबरें

कुपोषित से सुपोषित माताओं का हुआ सम्मान



जामुल। दुर्ग ग्रामीण सेक्टर नंदकट्टी के ग्राम ढौर में जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय तथा परियोजना अधिकारी ऊषा झा के मार्गदर्शन में 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य गोकुल वर्मा तथा सरपंच लता साहू की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राहियों को राशि के सही इस्तेमाल की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों का अन्नप्राशन, माताओं की गोदभराई, माचिस की तीली से मोमबत्ती जलाने और व्यंजन प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। अंत में बच्चों को न्यौता भोज कराया गया तथा कुपोषण से सुपोषण की ओर कदम बढ़ाने वाली माताओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

'आंगन मिलन' में सम्मानित हुईं उत्कृष्ट कार्यकर्ता



अंडा। ग्राम कुथरेल स्थित कन्या शाला प्रांगण में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के दौरान गांव की महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक पकवान तैयार किए गए। साथ ही आंगनबाड़ी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में लोमश चंद्राकर (सभापति जनपद पंचायत दुर्ग) थे। उनके साथ पंचायत सचिव रूपेश सिंह, पंचायत जनप्रतिनिधिगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, परियोजना अधिकारी, गांव की महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

'सेवा गाथा' नुक्कड़ नाटक ने मोहा मन

जामगांव आर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर में सेवा



संकल्प अभियान के तहत 'सेवा गाथा' नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के स्काउट-गाइड और विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। छत्तीसगढ़ी भाषा में आयोजित इस नुक्कड़ नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन प्रसंगों और देश के प्रति उनके समर्पण को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। नाटक में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं शाला विकास व प्रबंधन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत भरर की सरपंच कौशल्या साहू ने कहा कि इस आयोजन से सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी मिली। केशव राम साहू ने छात्रों को सही मार्गदर्शन और अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण चंद्राकर ने देश में हुए सकारात्मक बदलावों और विकसित भारत की संकल्पना पर अपने विचार रखे। उन्होंने विद्यालय की प्राचार्य डॉ. भारती के कार्यों और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम में गोवर्धन साहू, मिथिलेश साहू, रीना सोनवानी, पुरुषोत्तम चंद्राकर और सांसद प्रतिनिधि द्रोण चंद्राकर सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

कुम्हारी टोल प्लाजा हटाने सौंपा ज्ञापन

कुम्हारी। कुम्हारी व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर सांसद



बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर कुम्हारी टोल प्लाजा को हटाने या स्थानांतरित करने के लिए ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि टोल प्लाजा पर 24 घंटे जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे स्थानीय व्यापार, औद्योगिक परिवहन, स्कूली बच्चों और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। व्यापारी संघ ने स्थानीय वाहनों के लिए टोल में पूर्ण छूट देने या टोल को रायपुर से बाहर शिफ्ट करने की मांग की। स्थानीय व्यापारियों ने 8 बिंदुओं पर सांसद से चर्चा की और शीघ्र अतिशीघ्र इस पर गंभीरता से विचार कर कदम उठाने का आग्रह किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को सड़क परिवहन मंत्रालय के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे और जल्द ही इसका सकारात्मक समाधान निकाला जाएगा।

बिजनेस साइट

आज आखिरी मौका, एसबी बाय एटी ज्वेलर्स का बैंगल एवं चेन मेला

भिलाई। त्योहारी सीजन की रौनक को और खास बनाने के लिए नेहरू नगर वेस्ट, भिलाई स्थित एसबी बाय एटी ज्वेलर्स द्वारा आयोजित बैंगल एवं चेन मेला में ग्राहकों को शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे शुभ अवसरों को देखते हुए आयोजित इस विशेष मेले में सोने की चूड़ियों और चेन्स की आकर्षक, लेटेस्ट एवं ट्रेंडी डिजाइनों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। मेला का आज आखिरी दिन है। 1 से 10 अक्टूबर तक चल रहे इस विशेष आयोजन का कल आखिरी मौका है। मेला का सबसे बड़ा आकर्षण सिर्फ 3.5% से मेकिंग चार्ज है। ग्राहक इस विशेष ऑफर का लाभ उठाते हुए अपनी पसंद की आकर्षक गोल्ड बैंगल और चेन की खरीदारी कर सकते हैं। इस मेले में पारंपरिक कंगन और बैंगल से लेकर आधुनिक एवं लाइटवेट डिजाइनों तक की कई आकर्षक वैरायटी उपलब्ध है। त्योहारों, पारिवारिक समारोहों और विशेष अवसरों के लिए अलग-अलग पसंद और जरूरत के अनुरूप डिजाइनों का कलेक्शन ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। हॉलमार्क गोल्ड, प्रमाणित शुद्धता और ट्रेंडी डिजाइनों के साथ ग्राहकों को भरोसेमंद खरीदारी का अनुभव देने पर विशेष ध्यान दिया गया है।



एसबी बाय एटी ज्वेलर्स के संचालक शांतीलाल बरडिया ने कहा त्योहारों पर सोने की खरीदारी हमारे यहां केवल आभूषण खरीदना नहीं, बल्कि शुभ, खुशहाली और समृद्धि से जुड़ी परंपरा है। हमारा प्रयास हमेशा ग्राहकों को शुद्धता, विश्वसनीयता और बेहतरीन डिजाइनों के साथ बेहतर खरीदारी अनुभव देना रहा है। बैंगल एवं चेन मेला इसी सोच के साथ आयोजित किया गया है। अब इस विशेष ऑफर का लाभ लेने का कल आखिरी मौका है। भिलाईवासियों के लिए यह महामेला त्योहारी खरीदारी का विशेष अवसर है, जहां आकर्षक डिजाइन और 3.5% से मेकिंग चार्ज के साथ पसंदीदा गोल्ड ज्वेलरी खरीदने का मौका मिल रहा है।

हाइटेक अस्पताल में दूरबीन से इलियल परफोरेशन की तीसरी सर्जरी, युवक को मिली नई जिंदगी

भिलाई। टाइफाइड का संक्रमण गंभीर रूप लेने पर छोटी आंत में छेद हो सकता है, जो मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसा ही एक गंभीर मामला हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में सामने आया, जहां 19 वर्षीय युवक के पेट में असहनीय दर्द हो रहा था और उसका रक्तचाप तेजी से गिरने लगा था। जांच में छोटी आंत के अंतिम हिस्से में छेद होने की आशंका सही निकली। इसके बाद गैस्ट्रो सर्जन डॉ. नविल शर्मा के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने मरीज की दूरबीन पद्धति से सर्जरी की। अस्पताल के अनुसार, पिछले दो वर्षों में इस तरह की यह तीसरी सर्जरी थी, जिसे लैप्रोस्कोपिक तकनीक से किया गया। परिजनों के मुताबिक, युवक को करीब एक महीने से बुखार आ रहा था। इसके बाद उसके पेट में तेज दर्द शुरू हुआ और हालत बिगड़ने लगी। जांच के दौरान चिकित्सकों ने छोटी आंत के अंतिम हिस्से यानी इलियम में छेद होने की आशंका जताई। युवक का रक्तचाप भी तेजी से गिर रहा था, जिससे स्थिति गंभीर हो गई थी। डॉ. नविल शर्मा के अनुसार, टाइफाइड का कारण बनने वाला सैल्मोनेला बैक्टीरिया आंतों की परत को नुकसान पहुंचा सकता है। गंभीर मामलों में आंत में छेद होने का खतरा रहता है। ऐसी स्थिति में तत्काल चिकित्सकीय उपचार और आवश्यकता पड़ने पर आपातकालीन सर्जरी जरूरी होती है। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने पहले दवाओं और आवश्यक उपचार की मदद से उसकी हालत स्थिर करने का प्रयास किया। अस्पताल के अनुसार, करीब दो घंटे के भीतर मरीज की स्थिति को सर्जरी के लिए स्थिर किया गया। सर्जरी लैप्रोस्कोपिक यानी दूरबीन पद्धति से की गई। ऑपरेशन सफल रहा और अगली सुबह तक मरीज को आराम मिलने लगा। कुछ दिनों तक चिकित्सकीय निगरानी में रखने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

45 साल के मरीज का बिना सिर खोले हुआ ब्रेन ट्यूमर का हुआ सफल ऑपरेशन

दुर्ग। मस्तिष्क के संवेदनशील हिस्से में मौजूद ट्यूमर का नाम सुनते ही मरीज और परिजनों की चिंता बढ़ जाती है। ऐसे में आधुनिक चिकित्सा तकनीक ने उपचार के नए विकल्प उपलब्ध कराए हैं। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 45 वर्षीय मरीज के पिट्यूटरी ट्यूमर की जटिल सर्जरी एंडोस्कोपिक तकनीक से की गई। डॉ. कुलदीप सिंह के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने नाक के रास्ते पिट्यूटरी क्षेत्र तक पहुंच बनाकर ट्यूमर निकालने की प्रक्रिया पूरी की। इस तकनीक में उपयुक्त मामलों में सिर खोलने की पारंपरिक सर्जरी से बचा जा सकता है। मरीज के पिट्यूटरी क्षेत्र में मौजूद ट्यूमर को निकालने के लिए ट्रांसनेज़ल ट्रांसस्फेनोइडल ट्यूमर एक्सीशन तकनीक का इस्तेमाल किया गया। इस प्रक्रिया में नाक के रास्ते एंडोस्कोपिक उपकरणों की मदद से पिट्यूटरी क्षेत्र तक पहुंच बनाई जाती है। इसके बाद सावधानीपूर्वक ट्यूमर को निकाला जाता है। इस तकनीक में सिर की हड्डी खोलने के बजाय नाक और स्फेनॉइड साइनस के रास्ते सर्जरी की जाती है। हालांकि, इसका इस्तेमाल ट्यूमर की स्थिति, आकार और मरीज की चिकित्सकीय परिस्थितियों के आकलन के बाद ही किया जाता है। पिट्यूटरी ग्रंथि मस्तिष्क के आधार पर स्थित एक छोटी, लेकिन महत्वपूर्ण ग्रंथि है। यह शरीर की कई हार्मोनल गतिविधियों को नियंत्रित करने में भूमिका निभाती है। शरीर के विकास, मेटाबॉलिज्म और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों से जुड़े हार्मोन के नियमन में इसका योगदान होता है। इस क्षेत्र में ट्यूमर की सर्जरी करते समय आसपास की महत्वपूर्ण संरचनाओं को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी होता है। इसलिए ऑपरेशन के दौरान विशेषज्ञता, सटीकता और सावधानी की विशेष आवश्यकता होती है। डॉ. कुलदीप सिंह के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने एंडोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से ट्यूमर निकालने की प्रक्रिया पूरी की।



प्रशासन की पहल पर प्राप्त आवेदनों का तुरंत समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

उद्देश्य से नगर पालिका परिषद कुम्हारी में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत वृहद 'सेवा सेतु शिविर' का आयोजन किया गया।

शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में 16 विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं एवं आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की गई।

शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सभी 44 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में नगरीय प्रशासन से संबंधित प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि, राशन कार्ड, पेंशन, नल-जल सहित विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ आधार, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाए गए।

इसके अतिरिक्त कृषि, स्वास्थ्य, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण, वन सहित विभिन्न विभागों द्वारा भी अपनी सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई।'सेवा सेतु शिविर' के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराकर नागरिकों और शासन की योजनाओं के बीच एक प्रभावी सेतु बनाने का प्रयास किया गया।



ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट उपलब्ध



दुर्ग। दुर्ग के इंदिरा मार्केट स्थित शॉप नंबर 64 **b** प्रिया सिंगर सदन के सामने ओम ज्वैलर्स की अनगिनत डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रही हैं। संचालक श्री सोनी ने बताया कि उनहोंने अपने यहां मासिक ई योजना चालू की है। इसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। सोनी ने बताया कि उनके यहां घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध है। ग्राहक अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट घर से भी दे सकता है। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिना वजन घटे नया बनाने का काम भी ओम ज्वेलर्स करता है। ज्वेलरी रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दिवाली, त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तार रेंज उपलब्ध है। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट)833 (20कैरेट)एवं 750(18कैरेट) के हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं। उन्हें यहां पूरे शहर से कम दाम पर ज्वेलरी उपलब्ध है। 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपोर्टेड वॉच, जितना सोना उतनी चांदी फ्री दी जाती है।

अटल आरोग्य लैब की लगातार गलत रिपोर्ट से मरीज परेशान, दोबारा टेस्ट कराने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला अस्पताल और सिविल अस्पतालों में संचालित अटल आरोग्य लैब की जांच रिपोर्टों को लेकर लगातार शिकायतें सामने आने लगी हैं। कुछ दिन पहले एक व्यक्ति की एचआईवी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव बताए जाने का मामला सामने आया था। अब सिकलसेल जांच में एक 16 वर्षीय बालिका की रिपोर्ट पहले पॉजिटिव और उसी दिन दोबारा जांच कराने पर निगेटिव आने से लैब की जांच प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय बालिका भिलाई-3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंची थी। डॉक्टर की सलाह पर उसके खून की जांच कराई गई। सिकलसेल जांच के लिए सैंपल 7 अक्टूबर को जिला अस्पताल दुर्ग स्थित अटल आरोग्य लैब भेजा गया। बताया जा रहा है कि 8 अक्टूबर को आई रिपोर्ट में बालिका को सिकलसेल पॉजिटिव बताया गया। रिपोर्ट देखकर बालिका और उसके परिजन चिंतित हो गए। सिकलसेल पॉजिटिव आने की जानकारी के बाद परिवार ने रिपोर्ट की दोबारा जांच कराने का निर्णय लिया। इसके बाद 8 अक्टूबर को ही बालिका की दोबारा सिकलसेल जांच कराई गई। हैरानी की बात यह रही कि इस बार रिपोर्ट में बालिका को सिकलसेल निगेटिव बताया गया। एक ही दिन में एक ही बालिका की जांच के बाद पॉजिटिव और फिर निगेटिव रिपोर्ट सामने आने से परिजन भी असमंजस में हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर दोनों रिपोर्टों में इतना बड़ा अंतर कैसे आया?

16 साल की बालिका पहले पॉजिटिव, उसी दिन दोबारा टेस्ट में निकली निगेटिव

एक के बाद एक शिकायतों से उठ रहे सवाल

अटल आरोग्य लैब की जांच रिपोर्ट को लेकर यह पहला मामला नहीं है। कुछ दिन पहले एचआईवी जांच रिपोर्ट को लेकर भी शिकायत सामने आई थी, जिसमें एक व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव बताए जाने के बाद मामले को लेकर सवाल उठे थे। अब सिकलसेल जांच में सामने आए इस मामले ने स्वास्थ्य विभाग की जांच व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि सरकारी अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही जांच की रिपोर्ट में ही अंतर सामने आने लगे तो मरीज और उनके परिजनों के लिए सही बीमारी का पता लगाना और आगे का इलाज तय करना मुश्किल हो सकता है।



जांच रिपोर्ट में गलती कहां हुई?

इस पूरे मामले में अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या सैंपल लेने में कोई गलती हुई? क्या सैंपल की जांच प्रक्रिया में तकनीकी समस्या आई? क्या रिपोर्ट तैयार करने में लापरवाही हुई? या फिर दोनों रिपोर्ट अलग-अलग तकनीकी जांच के आधार पर तैयार हुई हैं? स्वास्थ्य विभाग को मामले की जांच कर यह स्पष्ट करना चाहिए कि एक ही मरीज की सिकलसेल रिपोर्ट कुछ घंटों के अंतराल में पॉजिटिव से निगेटिव कैसे हो गई।



की जाएगी जांच

सिकलसेल जांच की अलग-अलग रिपोर्ट की जानकारी मिली है। इसके लिए टीम गठित कर आगे की जांच व कार्रवाई की जाएगी। पता लगाया जाएगा कि यह मशीन की गलती है या किसी कर्मचारी की। जांच के बाद भी कुछ बता पाऊंगा।

डॉ. आशीषन कुमार मिंज
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल दुर्ग

खबर संक्षेप



अवैध शराब बेचते युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भिलाई। शहर में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस ने नदी रोड नयापारा तिराहा के पास कार्रवाई करते हुए 18 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 35 पौव्वा देशी शोले मसाला शराब बरामद की है। जब्त शराब की कुल मात्रा 6.3 बल्क लीटर और अनुमानित कीमत करीब 3,500 रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार 8 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नदी रोड नयापारा तिराहा के पास एक युवक अपने पास शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी शुरू की। पुलिस टीम को देखकर मौके पर मौजूद युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक की पहचान विक्की सारथी, उम्र 18 वर्ष, निवासी मठपारा वार्ड 3 दुर्ग के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 35 पौव्वा देशी शोले मसाला शराब बरामद हुई। प्रत्येक पौव्वे में 180 एमएल शराब थी। पुलिस के अनुसार सभी शराब के पौव्वे सीलबंद अवस्था में मिले। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कलामंदिर में स्वरांजलि कार्यक्रम आज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा 10 अक्टूबर को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में शाम 7:30 बजे से गजल गायक जगजीत सिंह की स्मृति में स्वरांजलि संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी तथा सुगम संगीत गायिका अंजलि शुक्ला तिवारी सहित अन्य कलाकारों द्वारा जगजीत सिंह की गजलों की प्रस्तुति दी जाएगी। तबला वादक भालचंद्र शेगेकर, बाँसुरी वादक दुष्यंत हरमुख, की-बोर्ड वादक साईं चक्रवर्ती, ऑक्टोपैड वादक देवव्रत मजुमदार एवं शहनाई वादक सतीश सिन्हा द्वारा सजीव संगीत संगत देंगे। प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

सफाई व्यवस्था प्लेसमेंट कर्मियों से और एसएलआरएम सेंटरों में खाद बनाने का प्रस्ताव

एमआईसी ने सफाई, स्ट्रीट लाइट, मांगलिक भवन संचालन सहित कई प्रस्तावों को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त सुरूचि सिंह की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, स्ट्रीट लाइट के संधारण, विज्ञापन बोर्ड, आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंडों के अंतरण, मांगलिक भवन के संचालन तथा जलभराव और प्रदूषित जल की समस्या के समाधान सहित मैदान, मार्ग, डोमशेड, डामरीकरण एवं नाली निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर परिषद के सदस्यों ने प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार-विमर्श करते हुए संबंधित कार्यों के लिए सहमति प्रदान की।

डोम शेड निर्माण और डामरीकरण पर भी हुई चर्चा



वार्डों में सफाई व्यवस्था प्लेसमेंट एजेंसी के हवाले

नगर निगम क्षेत्र के वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से सफाई कामगार उपलब्ध कराने के विषय को भी बैठक में शामिल किया गया। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को नियमित एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता तथा सफाई कार्यों के बेहतर संचालन पर चर्चा की गई। एसएलआरएम सेंटरों में एकत्रित कचरे के पृथक्करण तथा गीले कचरे से खाद तैयार करने के कार्य पर चर्चा पश्चात स्वीकृति प्रदान की गई। कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने, गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग करने तथा गीले कचरे का उपयोग खाद बनाएंगे।

भवन व भूमि करयोग्य संपत्ति का होगा मूल्यांकन

एमआईसी में जोन क्रमांक-03 अंतर्गत संतोषी पारा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन को संचालन, प्रबंधन एवं संधारण के लिए 10 माह की अवधि हेतु दिए जाने के प्रस्ताव को सहमति दी। छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम भवन/भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य निर्धारण नियम, 2021 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भवन एवं भूमि के कर योग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण किए जाने के विषय पर भी चर्चा की गई। संपत्तियों के मूल्य निर्धारण से संबंधित प्रस्ताव पर परिषद के सदस्यों ने सहमति दी ।

स्ट्रीट लाइट्स के संधारण कार्य को मंजूरी

निगम क्षेत्र में मार्ग प्रकाश व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विभिन्न सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगी स्ट्रीट लाइटों के वार्षिक संचालन, संधारण एवं रखरखाव कार्य पर विचार किया गया। शहर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनाए रखना नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसके लिए नियमित रखरखाव और खराब लाइटों को दुरुस्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

जलभराव की समस्या दूर करने हुई चर्चा

शहर में जलभराव की समस्या को दूर करने, प्रदूषित जल से संबंधित परेशानियों का समाधान करने तथा जल संरक्षण के उपायों को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से जल रक्षा उपायों के अंतर्गत महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इसके लिए आईआईटी भिलाई के साथ अनुबंध कर विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन डीपीआर तैयार कराने तथा उसे शासन को प्रेषित करने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। निगम के विभिन्न क्षेत्रों में सातवें चरण के अंतर्गत रिक्त 111 आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंडों के अंतरण के लिए निविदा आमंत्रित करने के प्रस्ताव पर परिषद में चर्चा की गई। इस प्रक्रिया के माध्यम से निगम की रिक्त संपत्तियों के अंतरण की कार्यवाही को आगे बढ़ाने पर विचार किया गया।

चैता मैदान का होगा नाम परिवर्तन

वार्ड क्रमांक 28 प्रेम नगर स्थित चैता मैदान का नाम परिवर्तित कर स्वर्गीय श्री भगवान राय स्मृति चैता मैदान किए जाने पर सहमति दी गई। इसी प्रकार, 18 नंबर रोड से मुक्तिधाम तालाब तक जाने वाले मार्ग का नाम बदलकर स्वर्गीय विजय प्रकाश यादव छठ घाट मार्ग रखने के प्रस्ताव को भी सहमति प्रदान की गई। वार्ड क्रमांक 38 सोनिया गांधी नगर में परशुराम चौक के पास प्रस्तावित डोमशेड निर्माण कार्य के स्थल में परिवर्तन करने पर भी सहमति बनी। अब यह निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 25 स्थित लाल पानी टंकी परिसर में कराया जाएगा।

अधोसंरचना मद से छह विकास कार्य:
वार्ड क्रमांक 44 में अधोसंरचना मद से स्वीकृत छह विकास कार्यों के स्थल परिवर्तन किए जाने के संबंध में भी प्रस्ताव पर सहमति दी गई। इन कार्यों के स्थल परिवर्तन का उद्देश्य स्वीकृत विकास कार्यों को निर्धारित आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 कैलाश नगर में विद्युत पोल क्रमांक 21/340 से 21/347 तक तथा वार्ड क्रमांक 23 घासीदास नगर स्थित अटल आवास मार्ग पर डामरीकरण एवं नाली निर्माण कार्य से संबंधित प्रस्ताव पर भी सहमति प्रदान की गई।

ये रहे एमआईसी की बैठक में शामिल :
बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू एवं मालती ठाकुर उपस्थित रहे। अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे, उपायुक्त दिनेश कोसरिया, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, येशा लहरे, सुनील जैन, संजय वर्मा, अनिल सिंह, अरविंद शर्मा, अजय गौर, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, जावेद अली, राजेश पालवे, पलाश वैद्य एवं देवव्रत राजपूत आदि उपस्थित थे।

शिवनाथ नदी में डूबे 22 वर्षीय युवक का शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट के पास नहाने के दौरान तेज बहाव में बहे 22 वर्षीय युवक का शव दुर्ग एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिया। मृतक की पहचान पंचशील नगर, दुर्ग निवासी निशांत सेन (22 वर्ष), पिता होरी लाल सेन के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मोटर बोट और सुरक्षा उपकरणों के साथ मौके पर पहुंची और सघन तलाशी अभियान शुरू किया। जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर को निशांत सेन शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट के समीप नहाने गया था। इसी दौरान वह नदी के तेज बहाव में बह गया। घटना की सूचना मिलने पर जिला सेनानी के निर्देशन में एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। रेस्क्यू अभियान के दौरान प्रशिक्षित गोताखोर राजकुमार यादव और चंद्रप्रताप जंघेल ने तेज बहाव के बीच डिप डाइविंग कर सघन तलाशी अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद युवक का शव पानी से बाहर निकाला गया। एसडीआरएफ टीम ने शव बरामद करने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए मौके पर मौजूद दुर्ग थाना पुलिस और परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल है। नदी और एनीकट के आसपास पानी का बहाव अचानक तेज हो सकता है।

- एसडीआरएफ ने चलाया सघन रेस्क्यू ऑपरेशन

नवरात्र को लेकर उपमुख्यमंत्री साव को आमंत्रण



भिलाई। नवरात्र के पावन पर्व पर खुर्सीपार भिलाई में माता रानी के आगमन और दर्शन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने रायपुर स्थित निवास पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें खुर्सीपार भिलाई में माता रानी के आगमन एवं दर्शन के लिए सादर आमंत्रित किया। दया सिंह ने दोनों उपमुख्यमंत्रियों को आमंत्रण कार्ड भेंट कर नवरात्र के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। नवरात्र को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। माता रानी के स्वागत एवं दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। दया सिंह ने दोनों उपमुख्यमंत्रियों को आमंत्रित करते हुए आयोजन में उनकी गरिमामयी उपस्थिति की अपेक्षा जताई।

रिसाली में संकल्प शिविर में आए 78 आवेदन, 52 का किया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के 10 वार्डों के लिए सेवा संकल्प शिविर आत्मानंद विद्यालय रिसाली में लगाया गया। शुक्रवार को लगाए गए शिविर में शिकायत के अपेक्षा मांग अधिक है। शिविर में कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 52 का निराकरण दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व महापौर शशि सिन्हा के मार्गदर्शन पर किया गया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व महापौर शशि सिन्हा शिविर में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। सबसे पहले पंजीयन काउन्टर तक पहुंचे नागरिकों से मुलाकात की। विधायक व महापौर ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं से कोई भी हितग्राही वंचित न रहे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नागरिकों को महतारी वंदन, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वनीधि योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पेंशन योजना आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर नेताप्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी अनिल देशमुख, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, मनीष यादव, डॉ. सीमा साहू, रमा साहू समेत मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल, आयुक्त मोनिका वर्मा आदि उपस्थित थे।

भिलाई में हेरोइन बेचते पंजाब का आरोपी गिरफ्तार, 1.81 लाख का माल किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छावनी थाना क्षेत्र के पावर हाउस ब्रिज के नीचे राजराजेश्वरी मंदिर के पीछे कथित रूप से हेरोइन चिट्टा बेच रहे पंजाब निवासी 45 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 8.79 ग्राम शुद्ध हेरोइन, एक मोबाइल फोन और नकदी समेत कुल 1,81,300 रुपए की सामग्री जब्त की है।

पुलिस के अनुसार 9 अक्टूबर को छावनी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि पावर हाउस ब्रिज के नीचे राजराजेश्वरी मंदिर के पीछे एक व्यक्ति अवैध रूप से चिट्टा बेच रहा है। सूचना के आधार पर एसीसीयू और छावनी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी और संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान जसवीर (45 वर्ष), निवासी भुट्टर सिबिया, थाना मेहता चौक, जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पारदर्शी प्लास्टिक झिल्ली सहित कुल 9.42 ग्राम पदार्थ बरामद किया। झिल्ली का वजन 0.63 ग्राम घटाने के बाद मादक पदार्थ का शुद्ध वजन 8.79 ग्राम पाया गया। पुलिस ने इसकी अनुमानित कीमत 1,75,800 रुपए बताई है। इसके अलावा आरोपी के पास से रेडमी कंपनी का लाल रंग का मोबाइल फोन, जिसकी कीमत करीब 5,000 रुपए है, और 500 रुपए नकद जब्त किए गए। इस तरह जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1,81,300 रुपए बताई गई है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय दुर्ग के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



- 8.79 ग्राम शुद्ध चिट्टा बरामद, एसीसीयू और छावनी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

गांजा बेचने निकले दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अवैध गांजा बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सिटी कोतवाली पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों युवक गंजपारा नदी रोड स्थित नयापारा मोड़ के पास गांजा बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से 1.510 किलोग्राम गांजा, एक स्कूटी और एप्पल आईफोन 11 मोबाइल जब्त किया गया है। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1,50,500 रुपए बताई गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर को थाना सिटी कोतवाली दुर्ग को सूचना मिली थी कि गंजपारा, नदी रोड स्थित नयापारा मोड़ के पास दो व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक करने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिए के आधार पर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान रामकुमार विश्वकर्मा (19 वर्ष) और हर्ष साहू (18 वर्ष) के रूप में हुई। दोनों राजनांदगांव जिले के अंजोरा क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 1.510 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 75,500 रुपए बताई गई है। इसके अलावा 50 हजार रुपये कीमत की एक स्कूटी और 25 हजार रुपये कीमत का एप्पल आईफोन 11 भी जब्त किया गया। इस तरह गांजा, स्कूटी और मोबाइल फोन समेत जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1,50,500 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली दुर्ग में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामला एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20(ख) के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया गया।



इंटक सहित यूनियनों ने योगदान को याद कर औद्योगिक सुरक्षा पर दिया जोर

बीएसपी में 8 साल पूर्व हुए हादसे में जान गंवाने वाले 14 कर्मवीरों का भावभीना स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

8 साल पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र में हुए दर्दनाक हादसे में 14 कर्मवीरों की मौत हो गई थी और कई लोग हताहत हुए थे । इस भयंकर दुर्घटना को याद कर कर्मचारी आज भी सिहर उठते हैं। बीएसपी कर्मियों ने हादसे में जान गंवाने वाले अपने साथी कर्मियों का भावभीना स्मरण व योगदान को याद कर सुरक्षा जागरुकता का संकल्प लिया।

गौरतलब हो कि नौ अक्टूबर 2018 को बीएसपी के कोक ओवन विभाग में गैस पाइपलाइन में हुए भीषण विस्फोट में 14 कर्मचारियों व मजदूरों की मौत हो गई थी। इनकी स्मृति में यूनियनों ने भावभीन श्रद्धांजलि दी। स्टील एम्प्लाइज यूनियन इंटक भिलाई सहित सीटू और एटक द्वारा भावांजलि दी गई। । इंटक के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि सभ में दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके योगदान और बलिदान को याद किया तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।





यूनियन के महासचिव संजय साहू सहित पदाधिकारियों ने कहा कि यह हादसा औद्योगिक सुरक्षा के महत्व की गंभीर याद दिलाता है। इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए संयंत्र में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन, गैस पाइपलाइनों का नियमित निरीक्षण, समय-समय पर सुरक्षा ऑडिट तथा कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों को आवश्यक सुरक्षा प्रशिक्षण देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का जीवन सर्वोपरि है और उत्पादन के साथ-साथ सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना प्रबंधन, अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिक संगठनों की साझा जिम्मेदारी है।दिवंगतों को नमन करते हुए संकल्प व्यक्त किया कि कर्मचारियों की सुरक्षा, बेहतर कार्य परिस्थितियों और औद्योगिक दुर्घटनाओं की रोकथाम से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाता रहेगा।

सीटू और एटक यूनियन ने भी दिवंगत कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

बीएसपी के ईएमडी विभाग के बिल्डिंग में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हादसे में दिवंगत सभी 14 कर्मियों के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सीटू ने बलिदान को याद कर प्रबंधन से सबक लेते हुए सुरक्षा जागरुकता बढ़ाने का आह्वान व संकल्प लिया। यूनियन ने सभी कर्मवीरों को नमन कर श्रद्धांजलि दी। हादसे में दिवंगत कर्मियों में उदय पांडे, सैयद अकील अहमद, संजय चौधरी, दुर्गेश कुमार राठौर, सत्या विजय , विश्वनाथ राजबूत,मलखम प्रसाद, इंद्रमन दुबे, देवनाराणय तारम व नरेंद्र कुमार पटेल सहित 14 श्रमवारी शामिल थे। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी ने भी साथियो के योगदान को याद करते हुए कहा कि हर हादसा प्रबंधन और कर्मियों को शून्य दुर्घटना के लक्ष्य का संदेश देता है। जमीनी जागरुता से ही ऐसे हादसों को रोका जा सकता है।



हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04

आधुनिक शैली का नया मंत्र...

लाइव इवेंट

एजुकेशन के प्रति जागरूक करने के लिए निषाद समाज ने आयोजित की सामान्य ज्ञान परीक्षा



भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य निषाद केवट समाज प्रदेश संगठन कोहका के द्वारा समाज के विद्यार्थियों एवं युवाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का आयोजन बिलासपुर, रायपुर, भिलाई कोहका एवं जगदलपुर स्थित सामाजिक भवनों में परीक्षा केंद्र बनाकर किया गया।

आयोजित परीक्षा में कुल 350 परीक्षार्थियों ने ऑनलाइन फॉर्म भरे, जिनमें से 170 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। बिलासपुर संभाग में 66 परीक्षार्थियों ने ऑनलाइन फॉर्म भरे, जिनमें 39 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। रायपुर संभाग में 160 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरे, जिनमें 91 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। केंद्रीय कार्यालय भिलाई कोहका परीक्षा केंद्र के लिए 116 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरे, जिसमें 37 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसी प्रकार जगदलपुर संभाग में 08 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरे, जिनमें 03 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों की प्रवीण्य सूची तैयार की जाएगी। इसके पश्चात राज्य स्तरीय अंतिम परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले चार परीक्षार्थियों की सीजी पीएससी कोचिंग सेंटर की फीस प्रदेश निषाद समाज संगठन द्वारा जमा की जाएगी। प्रदेश संगठन का उद्देश्य समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक सहयोग एवं अवसर प्रदान करना है।



● रंग-बिरंगी रोशनी से सजी झांकियां, एलईडी झांकियां, भव्य गंगा आरती और 70 सदस्यीय ढोल-नगाड़ा टीम रहेगी

अग्र कॉर्निवाल में छाई मस्ती, स्वाद और मनोरंजन की छटा, समाज के लोगों ने गौशाला में की गोविंद सेवा

ट्विनसिटी में अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य रूप से दुर्ग के अग्रसेन भवन, भिलाई के खुर्सीपार और सेक्टर-6 भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 10 अक्टूबर को दुर्ग में जहां नगर भ्रमण के लिए दोपहर 3 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं अग्रसेन भवन सेक्टर-6 से शाम 5 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। खुर्सीपार में भी शोभायात्रा को लेकर तैयारियां चल रही है। शुक्रवार को तीनों जगहों पर अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

भिलाई- दुर्ग। अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन भवन अग्र कॉर्निवाल का आयोजन किया गया। समाज के अध्यक्ष ललित सेक्सरिया एवं सचिव पहलाद रूंगटा ने बताया कि कार्यक्रम में दुर्ग महापौर अलका बाघमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। उन्होंने अपने उद्बोधन में अग्रवाल समाज को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में सामंजस्य से बढ़ता है। अग्रवाल समाज की ओर से महापौर को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम प्रभारी नीलू अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, गौरव अंजलि अग्रवाल, आनंद स्नेहा अगरवाल ने बताया कि कॉर्निवल में लगभग 25 स्टॉल लगाए गए, जिसमें लोगों ने गुपचुप, टिक्की चाट, इडली, डोसा, चाइनीस, राजस्थानी डिश, पंजाबी छोले कुल्चा सहित चटपटे व्यंजनों का आनंद लिया। युवा मंडल के अमूल बंसल एवं रजत अग्रवाल ने बताया की कॉर्निवल में सभी वर्ग के लोगों के लिए मजेदार गेम्स भी थे समाज के सभी परिवारों ने खूब मस्ती के साथ आनंद लिया।

समाज के पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल एवं कैलाश रूंगटा ने कहा कि इस कॉर्निवल का उद्देश्य समाज के सभी परिवारों को एक मंच पर लाकर आपसी प्रेम और एकता को सुदृढ़ करना है। मनोज अग्रवाल ने बताया कि समाज के सभी वरिष्ठ श्री कमल नारायण रुंगटा, महेंद्र सेक्सरिया, घनश्याम अग्रवाल, राधेश्याम जी अग्रवाल काउंटर पर बैठकर टिकट वितरण का कार्य कर रहे थे ऐसा लग रहा था कि वो अपने बचपन में खोये हुए हों। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज भिलाई के बंसी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, खुर्सीपार अग्रवाल समाज से संतोष अग्रवाल, रतन अग्रवाल, संगीता अग्रवाल भी उपस्थित थे। अग्रवाल महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष उषा अग्रवाल एवं मंजू अग्रवाल, संगीता राजगढ़िया, आरती विष्णु अग्रवाल, सरिता गोयल ने बताया कि इसके पूर्व अग्रवाल समाज ने अपनी सेवा और धार्मिक संस्कारों की परंपरा के अनुरूप छतागढ़ गौशाला में गौ सेवा गोविंद सेवा का आयोजन भी किया। इस दौरान गौ माता की पूजा अर्चना की गई एवं गौ माता हेतु हरा चारा, गुड़ ,सब्जी फल अर्पित खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय रुंगटा, सुधीर अग्रवाल, रजनी रुंगटा, सीमा सेक्सरिया, कपिला अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, प्रीति राजगढ़िया, कविता, श्वेता, रितु रुंगटा, अनीता खेमुका सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनूप संगीता अग्रवाल, आकाश निधि गोयल ने किया। आभार प्रदर्शन संजय गर्ग ने किया।



रंग-बिरंगी रोशनी से सजी झांकियां, गंगा आरती और 70 सदस्यीय ढोल-नगाड़ों के बीच आज निकलेगी शोभायात्रा

भिलाई। अग्रवाल समाज भिलाई द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव में शनिवार 10 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

शोभायात्रा शाम 5 बजे सेक्टर-6 स्थित अग्रसेन भवन से प्रारंभ होगी। इसे भव्य, आकर्षक और ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए समाज की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। अग्रवाल समाज भिलाई के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों ने समाज के सभी अग्रबंधुओं से सपरिवार शोभायात्रा में शामिल होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

अग्रवाल समाज भिलाई के अध्यक्ष बंशी अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी दिलीप अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा में आकर्षक साज-सज्जा, रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाती झांकियां, एलईडी झांकियां, भव्य गंगा आरती और लगभग 70 सदस्यीय ढोल-नगाड़ा टीम विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शोभायात्रा मार्ग पर जगह-जगह आकर्षक स्वागत द्वार बनाए गए हैं। भव्य आयोजन का समापन साकेत नगरी में होगा। इस अवसर पर अग्रवाल समाज की प्रमुख हस्तियां अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इधर अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल प्रतियोगिताओं की श्रृंखला भी जारी है। शुक्रवार को आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

महोत्सव के सभी आयोजनों में उत्साह, उमंग और सामाजिक एकजुटता का माहौल बना हुआ है। महोत्सव में समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी प्रतिदिन शामिल होकर महिलाओं और बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। इनमें विजय गुप्ता, संजय रूंगटा, विजय अग्रवाल, सुरेश केजरीवाल, बंशी अग्रवाल, अनिल जिंदल, सुनील गोयल, दिनेश लोहिया, अनिल गुप्ता सहित समाज के अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



लाइव इवेंट

नेहरू आर्ट गैलरी में आकर्षण का केंद्र बनी वन्यजीवन छायाचित्रों की प्रदर्शनी



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में प्रकृति एवं वन्यजीवन पर आधारित वन्य जीवन पर छायाचित्रों की समूह प्रदर्शनी" का शुभारंभ 08 अक्टूबर 2026 को सायंकाल मुख्य महाप्रबंधक सी श्रीनिवास सेशु ने

इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी अमूल्य प्रियदर्शी, जनसम्पर्क विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, आर्ट्स क्लब के सदस्य आदि उपस्थित थे। अवलोकन बाद श्री सी. श्रीनिवास सेशु ने प्रदर्शित छायाचित्रों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रकृति एवं वन्यजीवन के ऐसे मनोहारी क्षणों को कैमरे में सहेजना एक रचनात्मक कला है । इनके माध्यम से लोगों में जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता भी झलकती है। छायाका ईश्वर कुमार पटेल, श्री राहुल वेलायुधन पीवी शरित शेखर बर्मन द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में कैमरे में कैद किए गए पक्षियों, वन्यजीवों एवं प्राकृतिक परिवेश के मनोहारी छायाचित्र प्रदर्शित किए गए हैं। तीनों छायाकारों की रुचि पक्षी एवं वन्यजीव फोटोग्राफी के साथ-साथ वन्यजीव एवं पर्यावरण संरक्षण, यात्रा तथा ट्रेकिंग में है। उनके छायाचित्र प्रकृति के विविध रूपों, वन्यजीवों के व्यवहार तथा उनके प्राकृतिक आवासों की सुंदरता को संवेदनशीलता एवं कलात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत करते हैं। प्रदर्शनी 10 अक्टूबर तक आम दर्शकों के लिए प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक खुली रहेगी।



ईडी अरुण ने कश्मीर से लेह-लद्दाख तक 460 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पूरी की

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार ने स्वस्थ जीवन शैली का संदेश देते हुए कश्मीर से लेह-लद्दाख तक साइकिल अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने 20 सितंबर को कश्मीर से अपनी यात्रा आरंभ की और 25 सितंबर को लेह-लद्दाख पहुँचकर 460 किलोमीटर का सफर तय करते हुए यात्रा पूरी की।

छह दिनों तक चली इस यात्रा के दौरान अरुण कुमार ने दुर्गम पहाड़ी मार्गों और बदलते मौसम के बीच साइकिल चलाकर शारीरिक फिटनेस, धैर्य एवं अनुशासन का परिचय दिया। प्राकृतिक सौंदर्य और चुनौतीपूर्ण पहाड़ी रास्तों से परिपूर्ण कश्मीर से लेह-लद्दाख तक का मार्ग पर साइकिल यात्रा पूरी करना शारीरिक क्षमता के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता का भी परिचायक है। अरुण कुमार ने साइकिलिंग को स्वास्थ्य एवं फिटनेस को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने का प्रभावी माध्यम बताया।



गर्ल्स कॉलेज की छात्रा को इंडो नेपाल ओपन इंटरनेशनल कराटे में गोल्ड

दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या महाविद्यालय में बीएससी पांचवें सेमेस्टर में पढ़ने वाली पायल साहू ने भिलाई में आयोजित इंडो-नेपाल ओपन इंटरनेशनल कराटे चैम्पियनशीप में प्लस अठारह साल सीनियर स्पर्धा काता कुमित माइनस 55 किग्रा में हिस्सा लिया। उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पायल साहू इससे पहले भी अन्तरराष्ट्रीय स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। पायल साहू का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय कराटे टीम में भी हुआ था, किसी कारणवश टीम में शामिल नहीं हो सकीं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने खिलाड़ी को बधाई दी। डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि पायल साहू अन्य खेलों में भी हिस्सा लेती है, महाविद्यालय के लिये ये गौरव की बात है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुषमा यादव कीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, दीपक ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार भी पायल साहू की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।



कार्नर न्यूज

हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट सेक्टर-2 में किया जा रहा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

भगवान कृष्ण की उदारता, सुदामा की मित्रता और भगवत भजन का दिया संदेश, खेली गई फूलों की होली

भिलाई। हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट सेक्टर-2 में श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आईपी मिश्रा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सप्तम दिवस मानसपीठ खजुरीताल, मैहर से पधारे मानस पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामलला चार्य ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, उनके 16,108 विवाहों, श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र तथा श्रीमद्भागवत महापुराण के तत्त्वोपदेश का भावपूर्ण वर्णन किया।

जगद्गुरु ने कहा कि भगवान के समान उदार कोई नहीं है। भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है, जबकि भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र माननीय है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है, वहीं भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं जीवन के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों को समझने का अवसर प्रदान करती हैं। मनुष्य को भगवान के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने के साथ-साथ उनकी लीलाओं के आध्यात्मिक मर्म का चिंतन करना चाहिए। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के 16,108 विवाहों का प्रसंग सुनाते हुए भगवान की दिव्यता एवं उदारता का वर्णन किया। भगवान की प्रत्येक लीला में जीव के कल्याण का संदेश निहित है। भगवान का जीवनचरित्र मनुष्य को प्रेम, करुणा, समर्पण और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।



कथा के बाद ठाकुर की भव्य पुष्प होली का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजक मंडल द्वारा समस्त श्रद्धालुओं के लिए भंडारे एवं महाप्रसाद की व्यवस्था की गई।

श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र ने दिया सच्ची मित्रता का संदेश

भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा के चरित्र का वर्णन करते हुए पूज्य गुरुदेव ने सच्ची मित्रता की महिमा बताई। श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता यह संदेश देती है कि सच्चे संबंध धन, वैभव और पद-प्रतिष्ठा पर आधारित नहीं होते, बल्कि प्रेम, विश्वास और आत्मीयता से मजबूत होते हैं। द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण ने अपने निर्धन मित्र सुदामा को जिस प्रेम और सम्मान से अपनाया, वह संसार के लिए मित्रता का अनुपम आदर्श है। भगवान के लिए भक्त की भेंट का मूल्य नहीं, बल्कि उसके पीछे छिपा प्रेम और भाव महत्वपूर्ण होता है। जगद्गुरु के इन आध्यात्मिक संदेशों से श्रद्धालुओं को जीवन के वास्तविक लक्ष्य, सच्ची मित्रता, भगवान की उदारता और भगवत भजन के महत्व को समझने की प्रेरणा मिली। कथा परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।



सिटी इवेंट

समर्पण, सहयोग और एक-दूसरे के प्रति सम्मान से मिलती है सफलता



दुर्ग। जेसीआई दुर्ग-भिलाई द्वारा जेसीआई वीक 2026 यूनिफाई के अंतर्गत जेसी उत्सव-डिस्को दीवाने का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन जेसी वीक के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले सभी सदस्यों और सहयोगी टीम के प्रति आभार व्यक्त करने तथा उनके समर्पण एवं मेहनत को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूरी टीम ने एकजुट होकर जेसी वीक की सफलता का उत्सव मनाया। कार्यक्रम का आयोजन 3 अक्टूबर 2026 को किया गया।

जेसीआई दुर्ग-भिलाई के अध्यक्ष संतोष-रानू कुमार ने जेसी वीक के सभी आयोजनों में सदस्यों द्वारा किए गए अथक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी आयोजन की सफलता पूरी टीम के सामूहिक सहयोग, समर्पण और सहभागिता से संभव होती है। इस अवसर पर विभिन्न आयोजनों में योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। डायरेक्टर गौतम-श्वेता देशलहरा ने डिस्को दीवाने की थीम को साकार करने के साथ जेसी वीक के दौरान पूरी टीम द्वारा किए गए प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि यूनिफाई की असली ताकत टीम की एकजुटता और हर सदस्य के योगदान में रही, जिसे इस उत्सव के माध्यम से यादगार बनाया गया। मेंटोर योगेश-पद्मा राठी ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके सदस्यों के समर्पण, सहयोग और एक-दूसरे के प्रति सम्मान से बनती है। उन्होंने प्रत्येक सदस्य को इसी टीम भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आलोक–रचना अग्रवाल ने भी पूरी टीम को जेसी वीक की सफलतापूर्वक पूर्णता पर बधाई दी। अंकित-निकिता शाह ने कार्यक्रम में संचालन के साथ मंचीय खेल का दायित्व भी संभाला, जबकि ईशान–वर्षा अरोरा ने मनोरंजक खेल के आयोजन में योगदान प्रदान किया। आयोजनों में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले सदस्यों और सहयोगी टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। सभी ने अपने अनुभव साझा किए और एक-दूसरे के योगदान की सराहना की। इसके साथ ही मनोरंजक खेलों का आयोजन हुआ, विजेताओं की घोषणा की गई तथा सभी के लिए नृत्य का मंच खुला रखा गया, जहां सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जमकर आनंद लिया। सेक्रेटरी तोरण-स्वाति अटल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी ट्विंकल पारख ने बताया कि जेसी उत्सव–डिस्को दीवाने जेसीआई वीक यूनिफाई के दौरान किए गए सामूहिक प्रयासों और टीम भावना को समर्पित एक विशेष आयोजन रहा।

स्पोर्ट्स लाइव

डीयू की महिला कबड्डी टीम पहुंची क्वॉटर फाइनल में



भिलाई। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कबड्डी महिला टीम गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्वाटर फाइनल में पहुंची। टीम के इस प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय तिवारी ने शुभकामनाएं दी। खेल संचालक डॉ. मून्नालाल नंदेश्वर ने बताया कि कबड्डी महिला टीम का पहला मैच मैथ्स विश्वविद्यालय, रायपुर, दूसरी मैच वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा बिहार के साथ रहा, जिसमें दोनों ही मैचों में वॉक ओवर मिला। तीसरे मैच संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा से रहा। इसमें एकतरफा 43-23 से पराजित किया। चौथे मैच में कल्याणी विश्वविद्यालय वेस्ट बंगाल को 41-26 से पराजित कर क्वाटर फाइनल में पहुंची। खेल संचालक ने बताया कि टीम का प्रशिक्षण शिविर शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई-03 में आयोजित कराया गया। मैनेजर डॉ. रमेश कुमार त्रिपाठी क्रीड़ाधिकारी शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई-03 व कोच पी. नागरतनम खेल प्रभारी संदीपनी एकेडमी अछोटी है, जिनके मार्गदर्शन में टीम प्रतियोगिता में प्रदर्शन कर रहे हैं। कबड्डी महिला टीम का क्वाटर फाइनल मैच सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के साथ हुआ। टीम में नेहा शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा, करीना शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, मधुलिका शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, दामिनी साहू शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, पी. काव्य शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, पुष्पा देवी शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, पी. कविता शासकीय महाविद्यालय दुर्ग, चांदनी शासकीय कमला महाविद्यालय राजनांदगांव, कावेरी यादव शासकीय कमला महाविद्यालय राजनांदगांव, हेमलता शासकीय कमला महाविद्यालय राजनांदगांव, शालिनी यादव शासकीय कमला महाविद्यालय राजनांदगांव, सानिया शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चैकी, हिमानी शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़, अंशिका शासकीय महाविद्यालय भिलाई-03 शामिल हैं।

पौधे रोपकर सहेजने का लिया संकल्प

भिलाई। चौरसिया समाज ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का आयोजन किया। वृक्षारोपण में समाज के बड़े बुजुर्ग बच्चे उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार चौरसिया प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि वृक्षारोपण के साथ उन्हें सहेजने का संकल्प भी लिया। लगभग विभिन्न प्रजातियों के 15 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर बलराम चौरसिया, जयराम चौरसिया, दीपक चौरसिया, विनोदानंद चौरसिया, अमित चौरसिया, राजेश चौरसिया सहित अन्य मौजूद थे। वृक्षारोपण सेक्टर 1 में किया गया।



● 11 को कलश स्थापना के साथ क्वांर नवरात्र की होगी शुरुआत, 20 अक्टूबर को ज्योत-जंवारा का विसर्जन

नवरात्र पर देवालयों में सजेगा मां का दरबार, ट्विनसिटी में 100 से ज्यादा मंदिरों में 10 हजार से ज्यादा ज्योति कलश होंगे स्थापित

दुर्ग। सिविल लाइन कसारीडीह स्थित प्रसिद्ध मां सतरूपा शीतला मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर्व पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। नवरात्रि के पहले दिन 11 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त में सुबह 11:36 बजे कलश स्थापना के साथ मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इस वर्ष मंदिर में कुल 1601 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित होंगे। इनमें देश-विदेश के श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्ज्वलित किए जाने वाले ज्योत भी शामिल हैं। नवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर में विशेष साज-सज्जा के साथ अन्य तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। सतरूपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू ने बताया कि 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलने वाले नवरात्रि पर्व के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विभिन्न जस गायन मंडलियों द्वारा जसगीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। मां सतरूपा शीतला के दर्शन और मनोकामना ज्योत के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नवरात्रि पर्व के अंतर्गत 15 अक्टूबर को पंचमी के अवसर पर कलश चढ़ावा एवं माता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसी दिन शाम 4 बजे बाना परधनी का आयोजन होगा। 19 अक्टूबर को महाअष्टमी पर्व पर शाम 4 बजे हवन-पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात शाम 6 बजे से कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन होगा। वहीं 20 अक्टूबर को महानवमी के अवसर पर दोपहर 2 बजे से ज्योत-जंवारा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। नौ दिनों तक मंदिर में माता की आराधना, जसगीत और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों से भक्तिमय वातावरण बना रहेगा।



सात स्वरूपों में विराजमान हैं मां शीतला

समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू ने बताया कि मंदिर में मां शीतला सात स्वरूपों में विराजमान हैं। मंदिर परिसर के समीप स्थित स्वयंभू जलकुंड यहां की विशेष धार्मिक पहचान है, जिसका पानी कभी नहीं सूखता। धार्मिक मान्यता है कि इस जलकुंड के जल का सेवन एवं उपयोग करने से असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के चलते क्वांर एवं चैत्र नवरात्रि के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है। नवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई है। रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी और तोरण-पताकाएं मंदिर की सुंदरता बढ़ा रही हैं। सतरूपा शीतला सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य आयोजन को सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं। इस अवसर पर शिव सागर सिन्हा, प्रदीप देशमुख, सुरेन्द्र धर्माकर, चम्पा साहू, तामेश्वर यादव, पुष्पा श्रीवास, भीखम साहू, कृष्णा देशमुख सहित अन्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।





बैगापारा मां शीतला मंदिर में क्वांर नवरात्रि 11 से



दुर्ग। शहर का हृदय स्थल में स्थित प्राचीन बैगापारा मां शीतला मंदिर में क्वांर नवरात्रि 11 अक्टूबर रविवार से प्रारंभ की जाएगी। श्री शीतला सेवा समिति के सदस्य मनोज चंद्राकर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की तैयारी पूर्णतः की ओर है। क्वांर नवरात्रि का प्रारंभ 11 अक्टूबर रविवार को एकम, वेदी पूजन, घट स्थापना, जोत प्रचलन कर की जाएगी। पंचमी 15 अक्टूबर गुरुवार कलश चढ़ावा अष्टमी 18 अक्टूबर रविवार हवन पूजन एवं नवमी 19 अक्टूबर सोमवार को शाम 6 बजे कलश विसर्जन किया जाएगा।श्री शीतला सेवा समिति द्वारा मंदिर के सामने कार्यालय में ज्योति कलश की स्थापना राशि भी सुबह एवं शाम ली जा रही है। वही जय शीतला यंग क्लब बैगापारा द्वारा विजयदशमी 20 अक्टूबर को आयोजित की गई है।

12 को निकाली जाएगी माता की चुनरी यात्रा

दुर्ग। हैप्पी क्लब दुर्ग के तत्वावधान में शहर में माता की चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शक्ति की भक्ति को समर्पित इस पावन यात्रा में इस बार शहर की 11 नगर देवी के चरणों में अर्पित की जाएगी। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और हर्ष का माहौल है। यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है और सुरक्षा से लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आयोजन समिति के मनय बोथरा ने बताया कि चुनरी यात्रा का शुभारंभ सदर बाजार से संध्या 7 बजे महाआरती के साथ होगा, इसके बाद यह यात्रा शहर के मुख्य मार्ग यात्रा मार्ग - सदर बाजार से गांधी चौक मोटी कॉम्प्लेक्स इंदिरा मार्केट मान होटल चौक किल्ला मंदिर मंदिर पंचमुखी मंदिर चंडी मंदिर पहुंचेगी जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माता जी को चुनरी ओढ़ाई जाएगी, उसके बाद शिवपारा होते हुए पुनः सदर बाजार पहुंचेगी और यात्रा की समाप्ति कर प्रसाद वितरण किया जायेगा। आकर्षण का केंद्र झांकियां रहेंगी। इस वर्ष की चुनरी यात्रा को और भी अलौकिक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। यात्रा में सजीव झांकियां जो कि कलयुग के अवतारी बाबा श्याम की चलित झांकी होगी, उसके साथ साथ उज्जैन से प्रसिद्ध भोले बाबा की अघोरी पार्टी के 50 से अधिक कलाकार प्रस्तुति देंगे और प्रदेश की सबसे बड़ी धुमाल पार्टी नटराज धुमाल भी अपनी 100 लोगो की टीम के साथ प्रस्तुति देगा, साथ ही साथ बहुत से जीवंत झाँकियाँ छत्तीसगढ़ का पारंपरिक नृत्य एवं अन्य आकृषित झांकी प्रस्तुत की जाएंगी।

नुआखाई पर सम्मान समारोह का आयोजन

मां समलेश्वरी देवी की निकाली गई कलश यात्रा सांस्कृतिक आयोजनों में पारंपरिक नृत्यों ने बांधा समां



भिलाई। नव चेतना पश्चिम उत्कल गांड़ा समाज एवं सेवा समित के तत्वावधान में सांस्कृतिक भवन रेल नगर चरोदा में नुआखाई जुहार भेंटघाट एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब थे। अध्यक्षता राजेंद्र नाग ने की। विशेष रूप से श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष किशोर महानंद, महापौर निर्मल कोसरे, भाजपा प्रवक्ता प्रेम लाल साहू मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां समलेश्वरी देवी की कलशयात्रा के आगमन से हुआ। मंच पर मां समलेश्वरी देवी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच पर कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों एवं समाजजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि नुआखाई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह आपसी प्रेम, भाईचारे, कृतज्ञता और सामाजिक एकजुटता का उत्सव है। समाज की संस्कृति और परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान समाज एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों का अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। स्वागत भाषण कार्यकारी अध्यक्ष नन्द बाग ने दिया, संचालन समाज के अध्यक्ष महेश सोना ने किया।



भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

गायत्री परिवार की ज्ञान परीक्षा में 12 हजार से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल



दुर्ग। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण और पाटन क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में किया गया। परीक्षा में करीब 12 हजार विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। दुर्ग शहर एवं दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 80 स्कूलों, जबकि पाटन क्षेत्र के करीब 110 स्कूलों में परीक्षा आयोजित की गई। विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा यह परीक्षा विगत कई वर्षों से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कार, महापुरुषों के जीवन आदर्श, नैतिक मूल्यों और देश की गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराना है। परीक्षा के माध्यम से बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति रुचि और गौरव की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कारों से जोड़ने का एक सतत अभियान है।

साइंस कॉलेज में नेत्र और डायबिटीज जांच शिविर का आयोजन

300 से ज्यादा ने कराई शुगर जांच, एक्सपर्ट्स ने कहा-सोशल मीडिया से डाइट प्लान रिस्की

कार्नर न्यूज



दुर्ग। साइंस कॉलेज में लायंस क्लब के सहयोग से डायबिटीज और नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कई मायनों में खास रहा। वर्तमान में डायबिटीज जिसे शुगर की बीमारी कहा जा रहा है, वह पिछले कुछ समय में महामारी का रूप ले चुकी है। इसे देखते हुए हर जगह नियमित रूप से शुगर की जांच कराए जाने की अपील की जा रही है। साइंस कॉलेज में भी ऐसा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों चिकित्सकों ने कई जरूरी सवालों के जवाब दिए। उन्होंने बताया कि शुगर को लेकर अवेयरनेस जरूरी है, लेकिन केवल सोशल मीडिया में दी जा रही जानकारी के आधार पर डाइट प्लान करना नुकसानदायक हो सकता है। बेहतर होगा कि शुगर की बीमारी के पेशेंट अपने डॉक्टर के कंसल्ट करें, न कि अपने शरीर को प्रयोगशाला बनाएं। कॉलेज के शहीद वीर नारायण सिंह ऑडिटोरियम में विद्यार्थियों के लिए आयोजित शिविर में 200 से ज्यादा स्टूडेंट्स और 100 से ज्यादा प्राध्यापकों की नेत्र और शुगर जांच की गई। कार्यक्रम प्रभारी, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह एवं लायंस क्लब दुर्ग विजन की अध्यक्ष श्रीमती विनती अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।



चिकित्सकों ने दिए शिविर में कई जरूरी परामर्श

लायंस क्लब विजन द्वारा मनाये जा रहे सेवा सप्ताह की संयोजक पीएनजेएस मीनाक्षी अग्रवाल तथा सचिव एमजेएफ पीबी सक्सेना ने शिविर से जुड़ी जानकारी दी। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जाझासी तथा पंकज साहू, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. चन्दर बाफना एवं संघ परीक्षण अमर दिवाकर एवं विनीत साहू ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिह ने कहा कि शिविर का लाभ प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को मिल। इस अवसर पर अध्यक्ष विनती अग्रवाल, डॉ. रूचि सक्सेना, पीबी सक्सेना, शरद अग्रवाल, दुर्गेश नंदिनी दुबे, राजलक्ष्मी तिवारी, डॉ. संजय जैन, विभा गुप्ता, सुनंदा स्वामी, डॉ. एसडी देशमुख, डॉ. अभिनेष सुराना सहित अन्य मौजूद थे।

भारत के लिए डायबिटीज बन रही महामारी, सावधानी जरूरी

डॉक्टरों ने कहा डायबिटीज महामारी का रूप लेती जा रही है। जिसके चलते भारत को डायबेटिक कैपिटल ऑफ वर्ल्ड कहा जाने लगा है। ये एक साइलेंट किलर डिजीज है। एक रिसर्च के मुताबिक भारत के 10.1 करोड़ लोग डायबिटीज के मरीज हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय का डेटा कहता है कि 13.6 करोड़ लोग देश में प्री-डायबिटीज हैं। यानी वो लोग जिनमें डायबिटीज के शुरुआत लक्षण दिखने लगे हैं। 20 वर्ष से अधिक आयु के 15.3% लोगों में डायबिटीज के शुरुआती लक्षण दिखाई दिए। 4 सालों में ही डायबिटीज के मामलों में 44% की बढ़ोतरी हुई है। यह स्थिति किसी टाइम बम जैसी है। अगर अब भी नहीं संभले तो, प्री-डायबिटीज वाले 60% लोग अगले 5 सालों में डायबिटीज के पेशेंट हो जाएंगे। कुछ साल पहले तक यह माना जाता था कि डायबिटीज बढ़ती उम्र के साथ होता है। लेकिन अब ये बीमारी छोटे-छोटे बच्चों को भी हो रही है। प्री-डायबिटीज में पेशेंट का शुगर लेवल सुबह खाली पेट 110-126 के बीच होता है। खाने के 2 घंटे के बाद अगर शुगर लेवल चेक किया जाता है, तो 140-200 के बीच होता है। डायबिटीज की शुरुआत में पहचान कर पाना मुश्किल है। 70% मामलों में इसके लक्षण न के बराबर ही दिखते हैं। शेष 30% मामलों में कुछ संकेतों से पता लगाया जा सकता है कि डायबिटीज है या होने वाला है या प्री-डायबेटिक कंडीशन है। इसलिए हर तीन महीने में शुगर की जांच जरूर कराई जाए।

सिटी स्पोर्ट्स

26वीं राज्य स्तरीय जूडो चैम्पियनशिप शुरू



रायपुर। बिलासपुर के सरकंडा स्थित खेल परिसर में 26वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर एवं कैडेट जूडो चैम्पियनशिप-2026 का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका ने शुक्रवार को किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में बिलासपुर जूडो संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के 16 जिलों से 240 खिलाड़ी और प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हेमवती नाग, अभिषेक जायसवाल, शारदा गोस्वामी और योगिता मंडावी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव शम्भू सोनी, बिलासपुर जिला जूडो संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला सहित अनेक पदाधिकारी व खिलाड़ी उपस्थित थे।



रविवि की महिला कबड्डी टीम का लगातार दूसरी बार चयन

रायपुर। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता में 38 टीमों के बीच पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने लगातार दूसरी बार अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया। टीम में चांदनी साहू, सुहानी साहू, तकेश्वरी साहू, ऋतिका साहू, लीना कश्यप, इन्द्राणी, अनामिका, चंदा, चांदनी, प्रेरणा, पुष्पांजलि, श्रुति, कविता भारती और कुमारी शामिल हैं। टीम मैनेजर प्यारेलाल साहू एवं कोच ढेहरीन ध्रुव के मार्गदर्शन में मिली इस सफलता पर कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, डॉ. रीता वेणुगोपाल, प्रो. राजीव चौधरी और प्रो. सी. डी. अगाशे ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

अंतर्राष्ट्रीय जूनियर टेनिस स्पर्धा में तनिष्का बनीं डबल्स चैंपियन



रायपुर। जिबूती (पूर्वी अफ्रीका) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आईटीएफ जे 30 जूनियर टेनिस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की तनिष्का भटनागर ने जर्मनी की लुईसे लुकज़ाक के साथ जोड़ी बनाकर गर्ल्स डबल्स का खिताब जीता। फाइनल में इस जोड़ी ने स्वीडन की लो वि सा नेसेलियस और तुर्की की जेनेप आइल्युल बागदातली को 6-3, 6-4 से हराया। इसके साथ ही तनिष्का गर्ल्स सिंगल्स के फाइनल में पहुंचकर उपविजेता बनीं, जहां उन्हें हांगकांग की का हेई मा से 2-6, 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। इस उपलब्धि के साथ तनिष्का अंतर्राष्ट्रीय आईटीएफ जे 30 प्रतियोगिता में डबल्स खिताब जीतने और सिंगल्स में उपविजेता बनने वाली राज्य की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।

शालेय तीरंदाज़ी स्पर्धा में स्पोर्ट्स अकादमी का स्वर्णिम प्रदर्शन



रायपुर। न्यायधानी बिलासपुर के स्वर्गीय बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कोच दुर्गेश नंदिनी गोस्वामी एवं श्रद्धा सोनवानी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने 18 स्वर्ण सहित कुल 24 पदकों पर निशाना साधा। प्रतियोगिता में अंडर-14 रिकर्व में मिष्ठी सिन्हा ने तीन स्वर्ण, अंडर-14 कंपाउंड में संजय बारेठ ने तीन स्वर्ण, अंडर-17 रिकर्व में अविनाश कवड़े ने तीन स्वर्ण तथा भूमिका बारेठ ने तीन रजत पदक हासिल किए। वहीं अंडर-17 कंपाउंड में प्रज्ञा मंडावी ने तीन स्वर्ण और अंडर-19 कंपाउंड में राहुल उसेंडी ने तीन स्वर्ण, आर्य महोबिया ने तीन स्वर्ण तथा देविका साहू ने तीन रजत पदक जीतकर अकादमी का नाम रोशन किया।

तनावमुक्त जीवन के लिए आईआईटी गुवाहाटी ने बनाई डिवाइस

डायबिटीज कंट्रोल करना हुआ बेहद आसान, अब नई डिवाइस बताएगी क्या खाएं और क्या नहीं...

साइलेंट किलर मानी जाने वाली डायबिटीज (मधुमेह) आज वैश्विक स्तर पर एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। बदलती जीवनशैली, खान-पान की गलत आदतों और शारीरिक सक्रियता की कमी के कारण यह बीमारी हर उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में दुनियाभर में 53 करोड़ से अधिक लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं और वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि यही रफ्तार रही तो वर्ष 2050 तक यह आंकड़ा बढ़कर 130 करोड़ के पार पहुंच सकता है। इस बीमारी में सबसे बड़ी उलझन यह होती है कि मरीज क्या खाए और क्या न खाए, लेकिन अब एक नई तकनीक ने मरीजों की इस चिंता को हमेशा के लिए दूर कर दिया है।



ग्लाइसेमिक इंडेक्स और नई स्वदेशी डिवाइस की खोज

डायबिटीज के मरीजों के लिए अपने ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित रखना सबसे महत्वपूर्ण होता है और इसके लिए कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाले आहार का सेवन करने की सलाह दी जाती है। ग्लाइसेमिक इंडेक्स वास्तव में एक मापक पैमाना है जो यह दर्शाता है कि कोई विशेष खाद्य पदार्थ खाने के बाद हमारे रक्त में ग्लूकोज का स्तर कितनी तेजी से बढ़ता है। इसी समस्या का समाधान करते हुए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) गुवाहाटी के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर दीपांकर बंद्योपाध्याय के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने एक पोर्टेबल, सस्ती और बेहद सटीक 'पॉइंट-ऑफ-केयर-टेस्टिंग' (पीओसीटी) डिवाइस तैयार की है। यह डिवाइस केवल 5 मिनट के भीतर किसी भी खाद्य पदार्थ का रियल-टाइम ग्लाइसेमिक इंडेक्स मापकर बता देती है, जिससे मरीजों को अपना डाइट चार्ट चुनना बहुत आसान हो जाएगा।



फास्ट फूड की जाँच और डायबिटीज प्रबंधन की जरूरत

शोधकर्ताओं ने बिस्कुट, चिप्स, क्रैकर्स और ब्रेड जैसे लोकप्रिय फास्ट फूड्स पर इस डिवाइस का परीक्षण किया, जिसमें पाया गया कि क्रैकर्स में सबसे अधिक तेजी से पचने योग्य स्टार्च (RDS) मौजूद होता है जो ब्लड शुगर को अचानक बढ़ा देता है। 'अमेरिकन केमिकल सोसाइटी' के सस्टेनेबल केमिस्ट्री एंड इंजीनियरिंग जर्नल में प्रकाशित इस शोध के अनुसार, आज की कामकाजी



आबादी में जिस तेजी से फास्ट फूड का चलन बढ़ा है, उसे देखते हुए ऐसी पोर्टेबल डिवाइस की सख्त आवश्यकता थी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि गलत जीवनशैली के कारण अब 30 साल से कम उम्र के युवाओं और छोटे बच्चों में भी यह क्रोनिक बीमारी देखने को मिल रही है। चूंकि डायबिटीज की वजह से आगे चलकर दिल के दौरे, मोटापे और मेटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए इस नई तकनीक की मदद से शुरुआत से ही सही खान-पान चुनकर एक तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है।

नेशनल जूनियर एथलेटिक्स मीट के लिए दुर्ग जिले का चयन ट्रायल कल

भिलाई। आगामी नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक मीट के लिए जिला स्तरीय एथलेटिक दल का चयन 11 अक्टूबर को हायर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7, भिलाई में सुबह 9:00 बजे से होगा। दुर्ग जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष के. श्रीनिवास ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी आगे चलकर हैदराबाद में आयोजित होने वाली 'राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक चेम्पियनशीप' में दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस चयन प्रतियोगिता का प्रायोजन 'उत्थान एथलेटिक्स वेलफेयर एसोसिएशन' द्वारा किया जा रहा है। एसोसिएशन की ओर से विजयी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप कुल 55,000 की राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी एथलीटों को निश्चित उपहार भी दिए जाएंगे। साथ ही, खेल भावना को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तराशने के योगदान को सराहते हुए, इस अवसर पर दुर्ग जिले के 10 उभरते एथलेटिक्स प्रशिक्षकों (कोचों) को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है, और बिना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के किसी भी खिलाड़ी को इसमें शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह स्पर्धा अंडर-14 और अंडर -16 आयु वर्ग (बालक एवं बालिका) में होगी। अंडर -14 वर्ग के खिलाड़ी ट्रायथलॉन ए (60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद), ट्रायथलॉन बी (60 मीटर दौड़, लंबी कूद, बैक थ्रो), और ट्रायथलॉन सी (60 मीटर दौड़, लंबी कूद, 600 मीटर दौड़) में हिस्सा लेंगे, जिसमें भाला फेंक अनिवार्य है। वहीं अंडर -16 वर्ग के लिए 60 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल्स, 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक एवं पेंटाथलॉन (60 मी, 80 मी हर्डल्स, ऊंची कूद, गोला फेंक, 600 मी) स्पर्धाएँ रखी गई हैं। प्रतियोगिता स्थल पर शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को अपने साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी तथा जन्म प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य किया गया है।



जशपुर की बेटियों ने अंडर-17 और अंडर-19 वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

रायपुर। जशपुर जिले की शासकीय प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास इचकेला की 20 बालिका खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के अंडर-17 और अंडर-19 दोनों आयु वर्गों में सरगुजा जोन को स्वर्ण पदक दिलाकर इतिहास रच दिया है।



सारंगढ़ में 4 से 7 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में कप्तान गायत्री बाई के नेतृत्व में एंजेल लकड़ा, आस्था रानी, आकृति यादव, अमीषा लकड़ा, साक्षी यादव, सुप्रिया मिंज, अनन्या सिदार, अलका रानी कुजूर और आराधना शामिल रहीं। बिलासपुर जोन को हराकर लगातार दूसरे वर्ष स्वर्ण जीता। कोच संतोष कुमार ने प्रशिक्षण दिया। राजनांदगांव में 24 सितंबर 2026 से आयोजित स्पर्धा में वर्षा बाई, संतोषी बाई, जिज्ञासा कुजूर, तुलसिका भगत, पूर्वांशी साहू, रितु भगत, अवीना बाई, झूमर तिर्की, आर्यनसी बेक और अंशिका राज आर्यन ने हिस्सा लिया। टीम ने बिलासपुर, बस्तर सहित अन्य जोन को हराकर स्वर्ण जीता। कोच प्रांशु प्रिया धनसो और संतोष कुमार रहे। छात्रावास अधीक्षिका पंडरी बाई व शंकर ने बताया कि बेटियां 5-6 वर्षों से लगातार अभ्यास कर रही हैं। अनिल श्रीवास्तव, सुगंती कुजूर व रीना का विशेष सहयोग रहा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह जिले की इस उपलब्धि पर कलेक्टर रोहित व्यास ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व छात्रावास प्रबंधन को बधाई दी। जनजातीय व ग्रामीण अंचल की इन बेटियों की दोहरी सफलता ने साबित किया है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से सीमित संसाधनों में भी प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है।



दुबले-पतले हैं तो सही रूटीन से पा सकते हैं हेल्दी और मस्कुलर बॉडी

आज के दौर में जहां एक तरफ लोग बढ़ते वजन और मोटापे से परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ पुरुषों का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो अत्यधिक दुबले-पतलेपन की समस्या से जूझ रहा है। लाख कोशिशों और मनपसंद खान-पान के बावजूद वजन न बढ़ना या मस्कुलर बॉडी न बन पाना कई पुरुषों में हीनभावना और कम आत्मविश्वास का कारण बनने लगता है। अक्सर सही जानकारी और मार्गदर्शन के अभाव में लोग केवल अधिक खाने को ही वजन बढ़ाने का जरिया मान लेते हैं, जबकि वास्तव में मस्कुलर और हेल्दी दिखने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और एक सही फिटनेस रूटीन का पालन करना बेहद जरूरी होता है। यदि आप भी अपने दुबलेपन से परेशान हैं और हर तरह के जतन करके थक चुके हैं, तो सही न्यूट्रिशन और अनुशासन के दम पर अपनी पर्सनालिटी में चमत्कारिक बदलाव ला सकते हैं।

हाई मेटाबॉलिज्म का विज्ञान और वजन बढ़ाने का सही तरीका

ज्यादातर दुबले-पतले पुरुषों का वजन न बढ़ने का मुख्य कारण उनका अत्यधिक तेज मेटाबॉलिज्म होता है। ऐसे पुरुषों



का शरीर खाई गई कैलोरी को बहुत तेजी से ऊर्जा में बदलकर बर्न कर देता है, जिसके कारण मांसपेशियों का विकास रुक जाता है और वजन बढ़ाना बेहद मुश्किल हो जाता है। इस समस्या से निपटने के लिए सबसे पहली शर्त यह है कि आप 'कैलोरी सरप्लस' डाइट अपनाएं, यानी अपनी दैनिक आवश्यकता से अधिक कैलोरी का सेवन करें।

अपनी डाइट में केवल जंक फूड या तली-भुनी चीजें शामिल करने के बजाय प्रोटीन, हेल्दी फैट्स और कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट से भरपूर पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करें जो शरीर को अंदर से मजबूती दें और मांसपेशियों के निर्माण में सीधे मदद करें। वर्कआउट और पर्याप्त नींद का संतुलनअक्सर लोगों के बीच यह गलत धारणा होती है कि जिम या वर्कआउट केवल वजन घटाने वाले मोटे लोगों के लिए ही होता है।

वास्तव में, दुबले पुरुषों को मांसपेशियों का आकार और ताकत बढ़ाने के लिए रोजाना जिम जाकर स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करनी चाहिए। अपने वर्कआउट रूटीन में शोल्डर प्रेस, बेंच प्रेस, स्क्वाट्स और डेडलिफ्ट जैसी कंपाउंड एक्सरसाइज को शामिल करने से शरीर की बड़ी मांसपेशियां सही शेप में आने लगती हैं। हैवी वर्कआउट के तुरंत बाद प्रोटीन और न्यूट्रिशन से भरपूर डाइट लेना बेहद जरूरी है, ताकि मांसपेशियों की रिकवरी हो सके। इसके साथ ही, दुबले पुरुषों के लिए शरीर को पर्याप्त आराम और नींद देना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि वर्कआउट करना। जब शरीर को 7 से 8 घंटे की गहरी नींद और आराम मिलता है, तभी वर्कआउट के दौरान टूटे हुए मसल फाइबर्स तेजी से रिकवर होते हैं और मांसपेशियों का विकास होता है। नियमित वर्कआउट, बैलेंस्ड हैवी डाइट और पर्याप्त नींद का यह कॉम्बिनेशन आपकी बॉडी में मनचाहा बदलाव ला सकता है।



कार्नर न्यूज

फेफड़ों से कोशिकाओं तक ऑक्सीजन पहुँचाने वाले रक्त को रखें शुद्ध व प्रवाहमान

शरीर में हीमोग्लोबिन और खून की कमी से हैं परेशान तो नियमित करें योगासनों का अभ्यास, दूर होंगे रक्त विकार

हमारे मानव शरीर को जीवित और ऊर्जावान बनाए रखने में रक्त यानी खून की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। रक्त फेफड़ों से ऑक्सीजन लेकर शरीर की अरबों कोशिकाओं तक पहुंचाता है और कोशिकाओं से हानिकारक कार्बन डाइऑक्साइड को वापस फेफड़ों तक लाता है। इसके अलावा, भोजन से मिलने वाले सभी आवश्यक पोषक तत्व और विभिन्न हार्मोन भी रक्त के माध्यम से ही अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। हालांकि, खराब खान-पान और पोषण की कमी के कारण आजकल एनीमिया (खून की कमी), हीमोफिलिया, ब्लड क्लॉटिंग (थक्के जमना) और रक्त प्रवाह में रुकावट जैसी कई समस्याएं आम हो चुकी हैं। इन गंभीर विकारों से बचाव के लिए नियमित योगाभ्यास एक बेहद सुरक्षित और प्राकृतिक उपाय है।



रक्त विकारों में प्राणायाम का महत्व और अभ्यास की विधि

योग विशेषज्ञों का मानना है कि विशेष प्राणायामों के नियमित अभ्यास से शरीर में नई लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण तेज होता है और रक्त परिसंचरण में अभूतपूर्व सुधार आता है। इस दिशा में 'उज्जाई प्राणायाम' बेहद लाभकारी है, जो शरीर में ऑक्सीजन के स्तर को तुरंत बढ़ाता है और पाचन तंत्र को सुचारू करके एनीमिया की समस्या को समाप्त करता है। इसे करने के लिए पद्मासन में बैठकर शरीर को ढीला छोड़ दें और श्वास लेते समय अपना पूरा ध्यान गले पर केंद्रित करें। गले से सांसों के आने-जाने की कल्पना करते हुए 10 से 15 मिनट तक लंबी और गहरी सांसें लेने से थायराइड और खून की कमी दोनों में आराम मिलता है।

दूसरा सबसे प्रभावशाली अभ्यास 'सूर्यभेदी प्राणायाम' है, जो शरीर के भीतर आंतरिक गर्मी और ऊर्जा उत्पन्न करके रक्त संबंधी विकारों को तेजी से दूर करता है। यह प्राणायाम लाल रक्त कोशिकाओं को बनाने में सीधा योगदान देता है और दमा, कफ, हृदय रोग व पाइल्स जैसी बीमारियों में भी राहत दिलाता है। इसे करने के लिए पद्मासन या सुखासन में बैठ जाएं, बाएं हाथ को ज्ञान मुद्रा में घुटने पर रखें और दाएं हाथ की उंगलियों से बाएं नासिका छिद्र को बंद कर लें। अब केवल दाएं नासिका छिद्र से गहरी सांस



खींचकर सांस को क्षमतानुसार रोकें और फिर धीरे-धीरे बाहर छोड़ें। इस प्रक्रिया को रोजाना 10 बार दोहराने से रक्त का प्रवाह बेहतर होता है और ब्लड क्लॉटिंग का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

कानूनी पचड़े में फंसीं ब्रिटिश सिंगर डीन, गाना कॉपी करने का लगा आरोप

ग्रैमी अवॉर्ड विजेता और मशहूर ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन



साहित्यिक चोरी (प्लेजिरिज्म) के आरोपों को लेकर कानूनी जांच के दायरे में आ गई हैं। उनके चर्चित गाने 'आई हैव सीन इट' (I've Seen It) पर दिवंगत गायक बिल विथर्स के 1981 के कालजयी गाने 'जस्ट द टू ऑफ अस' (Just the Two of Us) की धुन और सुर चोरी करने का गंभीर आरोप लगा है। मैटी म्यूजिक ग्रुप (जो बिल विथर्स के कैटलॉग के पब्लिशिंग राइट्स का मालिक है) ने कैलिफोर्निया की अदालत में ओलिविया डीन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। अदालत में दाखिल शिकायत के मुताबिक, पब्लिशर का दावा है कि ओलिविया डीन के 2025 के ट्रैक और विथर्स के सुपरहिट गाने के बीच समानताएं इतनी स्पष्ट और व्यापक हैं कि उन्हें महज इत्तेफ़ाक या कोई स्वतंत्र रचना नहीं माना जा सकता। अगस्त 2026 में सामने आई इस शिकायत में पब्लिशर ने बताया कि म्यूजिकोलॉजिस्ट अलेक्जेंडर स्टीवर्ट द्वारा किए गए तकनीकी विश्लेषण में पाया गया कि डीन के गाने में विथर्स के मूल गीत के मुख्य संगीतमय तत्वों और सुरक्षित धुन का काफी बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर इस्तेमाल किया गया है। फिलहाल यह मामला अदालत में विचाराधीन है।

टॉलीवुड

'इंडियन 3' का पोस्ट-प्रोडक्शन काम शुरू; फिर लौटेगा 'सेनापति' का खौफ



दिग्गज अभिनेता कमल हासन और प्रख्यात निर्देशक एस. शंकर की बहुचर्चित फिल्म 'इंडियन 3' को लेकर बड़ा आधिकारिक अपडेट सामने आया है। 'इंडियन 2' के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इस फ्रेंचाइजी पर संशय के बादल मंडरा रहे थे, लेकिन मेकर्स ने घोषणा की है कि 'इंडियन 3' अब पूरी तरह पटरी पर आ गई है और इसका पोस्ट-प्रोडक्शन काम शुरू हो चुका है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर जारी करते हुए लिखा, ₹सेनापति वापस आ गए हैं, जीरो टॉलरेंस के साथ। इंडियन 3: वॉर मोड में वापसी शुरू।₹ जारी पोस्टर में कमल हासन अलग-अलग रूपों में नजर आ रहे हैं। 'इंडियन 3' की कहानी वास्तव में समय में पीछे जाएगी, जिसमें सेनापति के पिता 'वीरसेकरन बालराम' के दौर की ऐतिहासिक और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी संघर्ष गाथा दिखाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि 1996 में आई मूल फिल्म 'इंडियन' में स्वतंत्रता सेनानी सेनापति द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ छेड़ी गई जंग को राष्ट्रीय पुरस्कार मिले थे। हालाँकि, जुलाई 2024 में रिलीज हुई करीब 250 करोड़ के बजट वाली 'इंडियन 2' बॉक्स ऑफिस पर महज 150 करोड़ की ही कमाई कर सकी थी। इसके बावजूद निर्माताओं ने फ्रेंचाइजी को जारी रखते हुए 'इंडियन 3' को बड़े पैमाने पर पेश करने का फैसला किया है। फिल्म में सिद्धार्थ, काजल अग्रवाल, प्रिया भवानी शंकर और एस.जे. सूर्या भी वापसी करेंगे, जबकि संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

छॉलीवुड

छत्तीसगढ़ी फिल्म 'भेद' में अर्जुदा की माटी और लोकरंग की खास झलक

छत्तीसगढ़ी सिनेमा के दर्शकों के लिए सस्पेंस, रोमांच और सामाजिक संदेश से भरपूर फिल्म 'भेद' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। पुनर्जन्म की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सस्पेंस थ्रिलर फिल्म दर्शकों को अंत तक कहानी से जोड़े रखने का प्रयास करती है। फिल्म को दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रहीं है और इसे देखने वाले दर्शक फिल्म की कहानी एवं प्रस्तुति को पसंद कर रहे हैं।



फिल्म के प्रमोशन को लेकर चंद्रा टॉकिज में फिल्म की प्रोडक्शन टीम व कलाकारों ने मुलाकात की। इस दौरान बताया गया कि फिल्म 'भेद' की एक विशेषता यह है कि इसकी लगभग 90 प्रतिशत शूटिंग लोकरंग अर्जुदा गांव की माटी में की गई है। इस कारण फिल्म में अर्जुदा की स्थानीय पहचान, परिवेश और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक भी देखने को मिलती है। फिल्म का निर्देशन अर्जुदा टिकरी निवासी विवेक कमलेकर ने किया है। वे इससे पूर्व नृत्य निर्देशक एवं सह-निर्देशक के रूप में कार्य कर चुके हैं। फिल्म के निर्माता सत्येंद्र यादव हैं। फिल्म का निर्माण सुदर्शन स्टूडियो के बैनर तले किया गया है, जिसमें कार्यकारिणी संस्था इंद्रावती एंटरटेनमेंट का सहयोग रहा है। फिल्म के प्रमुख कलाकारों में मन कुरैशी, राया डोंगरिया,रेशमा जैन, हर्ष वर्धन, साहिल दास, उपासना वैष्णव, पुष्पेंद्र सिंह आदि कलाकार मुख्य भूमिका में है।

फिल्म निर्माण में लोकरंग अर्जुदा का विशेष योगदान रहा। लोकरंग अर्जुद्रा के संस्थापक एवं निर्देशक स्वर्गीय दीपक चंद्राकर के सुपुत्र आनंद चंद्राकर ने फिल्म की शूटिंग के लिए लोकरंग परिसर को उपलब्ध कराते हुए निर्माण टीम को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। फिल्म के संगीत निर्देशक अमीर एस. रजा हैं. जो भिलाई-चरोदा के न ₹वासी हैं।

डार्क फैशन



यह तस्वीर एक हाई-फैशन रनवे शो की है, जहाँ मॉडल ने कंट्रास्टिंग कलर-ब्लॉकिंग और कलात्मक जियोमेट्रिक टेलरिंग वाली ऑट-कुटूर शैली की बेहद आकर्षक पोशाक में रैंप वॉक किया। इस पूरे लुक में ज्यामितीय पैटर्न वाली एक स्ट्रक्चर्ड जैकेट शामिल है, जिसमें लाल, हरे, नीले, पीले और बैंगनी (पर्पल) रंगों के पैचवर्क फैब्रिक का बखूबी इस्तेमाल किया गया है। जैकेट के साथ लाल रंग का हाई-नेक टर्टलनेक टॉप और गहरे पर्पल रंग की प्लीटेड मिड-लेंथ फ्लेयर्ड स्कर्ट का संयोजन है, जो लुक को एक मॉडर्न और एलिगेंट वाइब देता है। कमर पर बंधा चौड़ा बैंगनी लेदर बेल्ट बॉडी को बेहतरीन शेप प्रदान करता है, वहीं लाल रंग के चमकीले एंकल बूट्स स्टाइल को और अधिक निखारते हैं। मल्टीकलर पैचवर्क जैकेट, पर्पल स्कर्ट और रेड बूट्स का यह अनोखा कॉम्बिनेशन एब्सट्रैक्ट फैशन को दर्शाते हुए मॉडल के लुक को बोल्ड, परिपूर्ण और आत्मविश्वासी बनाता है।

आधुनिक शैली का नया मंत्र जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग, पाएं स्टाइलिश और मिनिमल लुक

आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद।





जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-



.सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। इनमें सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई और सनग्लासेस शामिल हैं।

ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा। कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी।

काले नाखूनों की समस्या से राहत पाने जानिए आसान से घरेलू उपाय

अगर आपक परा क नाखून काल हा गए ह, तो आप उन्हें कुछ चीजों का इस्तेमाल करके घर पर ही साफ कर सकते हैं। भले ही लोग कितना भी अच्छे से तैयार हो जाएं, लेकिन अगर उनके पैर अच्छे नहीं दिख रहे, तो उनका पूरा लुक खराब हो सकता है। दरअसल, अक्सर देखा जाता है कि लोग अपने चेहरे के साथ-साथ हाथों का भी काफी ध्यान रखते हैं। इसके लिए मेनीक्योर भी कराते हैं, ताकि हाथ और हाथों के नाखून खूबसूरत दिखें लेकिन पैरों का ध्यान किसी को नहीं रहता। यही वजह है कि पैरों में गंदगी जमने लगती है। जब ये गंदगी ज्यादा जम जाती है तो पैरों के नाखून काले पड़ने लगते हैं। ऐसे में जब आप कहीं तैयार होने के बाद हील्स पहनते हैं तो आपके नाखून आपके पैरों की खूबसूरती बिगाड़ देते हैं, जिसकी वजह से शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। आप चाहें तो पार्लर जाकर पेडिक्योर करा सकते हैं, नहीं तो घर पर ही कुछ चीजों का इस्तेमाल करके नाखूनों की गंदगी को साफ कर सकते हैं। आज के लेख में हम आपको घर पर ही नाखून साफ करने के तरीके बताने जा रहे हैं।



बेकिंग सोडा

इसमें पाए जाने वाले तत्व आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। नाखूनों को सफेद करने के लिए आपको बस बेकिंग सोडे को गर्म पानी में मिलाकर इसका पेस्ट नाखूनों पर लगाना है। लगाने के कुछ देर बाद इसे अच्छे से धो लें। कुछ दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

टूथपेस्ट

दांतों की सफाई के साथ-साथ टूथपेस्ट पैरों के नाखूनों की सफाई का काम भी करता है। इसक इस्तमाल क लए आप साधा पस्ट का अपने नाखूनों पर लगाएं और कुछ समय बाद इसे धो दें।

संतरे का रस

संतरा खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। ये शरीर में विटामिन सी की कमी को पूरा करता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस संतरे के रस में अंडे के सफेद भाग को मिलाकर नाखूनों पर लगाना है। ये नाखूनों को साफ करने के साथ-साथ उन्हें मजबूती देता है।

बेसन और नींबू

नाखूनों को साफ करने के लिए नींबू के रस में थोड़ा सा बेसन मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाएं।

जैतून का तेल

इस तेल की मदद से आप नाखूनों पर जमा मैल हटा सकते हैं। ये नाखूनों को मुलायम बनाने के साथ इनमें जमे बैक्टिरिया को खत्म करने में मदद करेगा। अगर आप नाखूनों को हमेशा साफ रखना चाहते हैं तो हमेशा नाखूनों को साफ करने की कोशिश करें।

विटामिन ई कैप्सूल का कीजिए सुरक्षित प्रयोग, चमकेगी त्वचा

खूबसूरत त्वचा पाने के लिए महिलाएं कई उपाय करती हैं और इन उपायों में विटामिन ई का कैप्सूल भी है। विटामिन ई का कैप्सूल में कई सारे गुण होते हैं और साथ ही इसका सही तरह से इस्तेमाल करने से स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होती हैं।

फेस पर न करें डायरेक्ट इस्तेमाल

जहां विटामिन ई कैप्सूल कई सारे गुणों से भरपूर हैं और ये सभी गुण चेहरे के लिए फायदेमंद है तो वहीं अगर आप इसे डायरेक्ट फेस पर अप्लाई करती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है। इसी के साथ स्किन जुड़ी समस्या भी पैदा हो सकती है।

मात्रा का रखें खास ध्यान

कई बार ऐसा होता है जब आपकी अधिक मात्रा में इस्तेमाल करती हैं। लेकिन, ऐसा करने से भी स्किन को नुकसान हो सकता है। इसका अधिक इस्तेमाल करने से जहां त्वचा की रोनक कम हो सकती हैं तो साथ ही स्किन से



जुड़ी समस्य भी शुरू हो सकती है।

धूप में जाने से बचें

विटामिन ई कैप्सूल का पूरा फायदा आपकी स्किन को मिले इसके लिए आप लगाने के दौरान धूप में जाने से बचें। अगर आप इस प्लाई करने के बाद धूप में जाती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है।

कच्चा दूध देगा त्वचा को चिर-युवा चमक और निखार, दिखेगी रौनक

उम्र के साथ त्वचा में कई तरह के बदलाव होते रहते हैं। वहीं उम्र चाहे कितनी भी हो, रोजाना त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको मार्केट में कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन लगभग सभी प्रोडक्ट्स में कई प्रकार के केमिकल मौजूद होते हैं जो त्वचा की चमक को फीका बना सकते हैं। त्वचा की देखभाल करने के लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल चेहरे पर कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कैसे करें जवां और खूबसूरत त्वचा पाने के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल और जानेंगे इसके त्वचा को मिलने वाले फायदे।

कच्चे दूध को चेहरे पर लगाने के फायदे

कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है जो त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। यह त्वचा को नमी देने का काम भी करता है जिसके कारण त्वचा मॉइस्चराइज नजर आती है।

शहद को चेहरे पर लगाने के फायदे

त्वचा में मौजूद पोर्स की सफाई करने से लेकर स्किन को मॉइस्चराइज करने का काम करता है। त्वचा को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। यह स्किन टेक्सचर को सुधारने के काम भी आता है।



जवां त्वचा पाने के लिए क्या करें?

जवां त्वचा पाने के लिए सबसे सबसे पहले एक बाउल में करीब 2 चम्मच शहद के साथ 2 से 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर चेहरे की त्वचा पर लगा लें। इस फेस पैक को ब्रश की मदद से अपने चेहरे पर लगाएं। कम से कम 15 से 20 मिनट तक इसे लगा रहने दें। ध्यान रहें कि आप इस फेस पैक को आंखों से दूर रखें। साफ पानी और कॉटन की मदद से चेहरे को अच्छी तरह से धो लें।

कार्नर न्यूज

जानिए घुंघराले बालों के देखभाल के आसान तरीके

घुंघराले बालों को लेकर जेन-ज़ी की छा गई दीवानगी, बिना उपकरणों के पा सकते हैं प्राकृतिक कर्ली लुक

बालों के स्टाइल को लेकर आप बहुत सतर्क रहते हैं। आपको बालों में हमेशा कुछ नया करते रहने का भी शौक है तो कभी न कभी आपको कर्ली हेयर लुक रखने का मन भी किया होगा। आज की नई पीढ़ी यानि जेन-जी में कर्ली हेयर लुक को लेकर दीवानगी देखी जा रही है। अगर ऐसा है और आपके बाल कर्ली नहीं हैं तो भी आपकी ख्वाहिश पूरी हो सकती है। आपको इसके लिए कुछ बेहद छोटे-छोटे टिप्स याद रखने हैं ताकि आपको नेचुरल कर्ली हेयर लुक मिल सके। क्या करना होगा आपको, जानते हैं-

रोज-रोज नो हेयर वॉश

आपको ये पता होना चाहिए की आप जितना ज्यादा बाल धोएंगे, बालों के कर्ल होने की संभावना भी कम होती जाएगी। बालों में मौजूद नेचुरल ऑयल के साथ बालों को हेल्थी रखते हैं। नेचुरल ऑयल के साथ बाल आपस में कुछ इस तरह से जुड़ जाते हैं कि कर्ल अपने आप ही दिखने लगते हैं। इसलिए शैंपू भी सिलीकॉन और सल्फेट वाला नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि ये बालों की नामी और ऑयल छीन लेते हैं।



कितने कर्ल कितनी बार वॉश

अलग-अलग तरह के कर्ल के लिए बाल धोने की संख्या भी बदल जाती है। ढीले कर्ल्स के लिए हफ्ते में 2 से 3 बार बाल धोए जा सकते हैं। टाइट रिंग्स के लिए हफ्ते में एक बार बाल धोएं और एक बार सिर्फ कंडिशनर कर लें।

बड़े दांत वाला कंघा

अपने बालों में कर्ल्स जल्द से जल्द देखने हैं तो आपको ब्रश करने की बजाए बड़े दांत वाले कंघे का इस्तेमाल करना होगा।ब्रश करने से बालों के कर्ल्स खुल सकते हैं।

बालों को खुद सूखने दें

बालों को नेचुरली सूखने देना इनमें कर्ल्स बने रहने देने का सबसे आसान तरीका है। इसलिए बालों को हेयर ड्रायर से ना सुखाएं। प्राकृतिक घुंघराले बालों के लिए आप माइल्ड या सल्फेट-फ्री शैंपू का इस्तेमाल करें, नियमित रूप से कंडीशन करें और मॉइस्चराइजिंग तेल जैसे बादाम, नारियल या आर्गन तेल का उपयोग करें। बालों को स्वस्थ और परिभाषित रखने के लिए, कर्ल बढ़ाने वाले उत्पाद जैसे कि मूस का उपयोग करें और बालों को हवा में सूखने दें या कर्लर का उपयोग करने से बचें। स्टाइलिंग के लिए, आप ₹हाफ-अप, हाफ-डाउन₹ जैसी स्टाइल अपना सकते हैं या कर्ली अंडरकट लुक के साथ अपने कर्ल्स को स्टाइल कर सकते हैं।

शैम्पू और कंडीशन

घुंघराले बालों को हाइड्रेट रखने के लिए माइल्ड या सल्फेट-फ्री, हाइड्रेटिंग शैंपू का उपयोग करें। घुंघराले बालों को अक्सर शैम्पू करने की ज़रूरत नहीं होती है और कंडीशनर को अधिक बार इस्तेमाल करें।



बालों को धोना

शैम्पू और कंडीशन करने के बाद, बालों को धीरे-धीरे स्क्वीज़ करें और मूस या कर्ल क्रीम लगाएं। बालों को हवा में सूखने दें या डिफ्यूज़र के साथ कम हीट सेटिंग पर सुखाएं। अगर आपके बाल बहुत उलझे हुए हैं, तो आप केराटिन ट्रीटमेंट या कर्ल-एन्हांसिंग शैम्पू और कंडीशनर का उपयोग कर सकते हैं। बालों में प्राकृतिक तेलों का उपयोग करें, जैसे कि बादाम, आर्गन, नारियल या जैतून का तेल। आप रात भर डीप कंडीशनिंग हेयर मास्क भी लगा सकते हैं।